


MPHIN/2021/83938

# दैनिक पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 140 | ग्वालियर,30 जनवरी मंगलवार 2024 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए क्या दिया सबसे बड़ा योगदान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर ख्याति वाले राजनेता हैं. जिनके फैसलों और योजनाओं ने करोड़ों लोगों के जीवन नें नई रोशनी पैदा की है. पीएम मोदी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक सशक्त नेता हैं और अपने शक्तिशाली और निर्णायक नेतृत्व के लिए प्रसिद्ध हैं. नरेंद्र मोदी ने गुजरात राज्य में मुख्यमंत्री के रूप में भी कार्य किया और उनका यह कार्यकाल 2001 से 2014 तक रहा. उन्होंने गुजरात के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उसे आर्थिक सुदृढ़ता, उच्चतम ग्रोथ रेट, और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ाया. 2014 में भारतीय लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में उन्होंने ऐतिहासिक जीत हासिल की और उन्हें देश के प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया.नरेंद्र मोदी को व्यक्तिगत स्तर पर भी लोगों के बीच बहुत पसंद किया जाता है. उनके दृढ़ नेतृत्व, कार्यशैली, और उत्कृष्ट भाषण कौशल



ने उन्हें लोगों की भरपूर समर्थन प्राप्त करवाया है. नरेंद्र मोदी का उद्देश्य भारत को विकास और प्रगति के नए ऊंचाईयों पर ले जाना है, जिसमें सभी वर्गों और क्षेत्रों के लोगों को समाहित किया जाता है. उनका योगदान देश के विकास और समृद्धि में महत्वपूर्ण है और वे एक योग्य और प्रशंसनीय नेता हैं जो देश की प्रगति के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए कई अहम कदम उठाए हैं और उनका योगदान कई क्षेत्रों में व्यापक है. उनका सबसे बड़ा योगदान माना जाता है देश के विकास और समृद्धि के लिए निरंतर प्रयास करना. उन्होंने की क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं.

प्रधानमंत्री ने स्वच्छता अभियान की शुरुआत की है, जिसका मुख्य उद्देश्य देश को स्वच्छ बनाना और स्वच्छता की महत्वपूर्णता को जागरूक करना है.

**जनधन योजना**-उन्होंने जनधन योजना की शुरुआत की, जिसका लक्ष्य गरीबों और असहाय लोगों को बैंकिंग सेवाओं का लाभ पहुंचाना था.

**स्वास्थ्य सुरक्षा**-उन्होंने आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचना था.

**अर्थव्यवस्था का सुधार**-उनके कई कदमों से अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ है, जैसे कि जीएसटी का लागू होना और बैंकों में नोटबंदी.

**अंतर्राष्ट्रीय मान्यता**-उन्होंने भारत को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता में एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाने के लिए कई महत्वपूर्ण यात्राएं की हैं और विभिन्न देशों के साथ अंतर्राष्ट्रीय संबंध बढ़ाए हैं.

**विकास पर ध्यान**-उन्होंने विकास के क्षेत्र में बहुत सारे प्रोजेक्ट्स और योजनाएं शुरू की हैं, जैसे कि नमामि गंगे, बुलेट ट्रेन और डिजिटल इंडिया. इन सभी कदमों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान दिया है और उनकी प्रगति और प्रगति को बढ़ावा दिया है.

## राम मंदिर गए तो जारी हुआ फतवा, इमाम उमर अहमद इलियासी बोले-...तो उनको पाकिस्तान चले जाना चाहिए




ऑल इंडिया इमाम ऑर्गनाइजेशन के प्रमुख इमाम डॉ. इमाम उमर अहमद इलियासी ने राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल होने पर अपने खिलाफ जारी हुए फतवे पर सोमवार (29 जनवरी) को पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें नफरत करने वाले लोग पाकिस्तान चले जाएं. उन्होंने कहा कि वह मोहब्बत का पैगाम देने के लिए अयोध्या गए थे.इमाम उमर अहमद इलियासी ने कहा, राम जन्भूमि ट्रस्ट से मुझे निमंत्रण मिला... मैं दो दिन तक इस पर बहुत विचार करता रहा कि मुझे क्या करना चाहिए, चूंकि मेरे लिए मेरी जिंदगी का ये सबसे बड़ा फैसला था. मैंने फिर फैसला ये लिया कि मुझे जाना है आपसी सौहार्द के लिए, देश के लिए, राष्ट्र हित में ये मैंने फैसला लेते हुए मैं अयोध्या चला गया.उन्होंने कहा, वहां से मैंने अपना एक पैगाम जोकि पैगाम-ए-मोहब्बत मैंने वहां से दिया. मैंने कहा कि हमारी सबकी जातियां जरूर अलग हो सकती हैं, हमारे पंथ जरूर अलग हो सकते हैं, हमारे इबादत करने के तरीके, पूजा पद्धति अलग हो सकती है, हमारे सबके धर्म जरूर अलग हो सकते हैं लेकिन हमारा जो सबसे बड़ा धर्म है इंसान और इंसानियत का है और हम भारत में रहते हैं, हम सब भारतीय हैं... राष्ट्र सर्वोपरि है.उन्होंने कहा, ये पैगाम-ए-मोहब्बत जैसे ही दिया, देश के सारे तमाम चैनलों पर, तमाम सोशल मीडिया पर ये वायरल हो गया. वायरल होने के बाद सबको ये मालूम हो गया कि चीफ इमाम साहब वहां पहुंच गए और उन्होंने ये फतवा जारी कल किया है, वैसे तो मुझे 22 जनवरी की शाम से ही मेरे नंबर से अलग-अलग जगहों से धमकियां आने लगीं.इमाम उमर अहमद इलियासी ने कहा,मुझे कई लोगों के धमकी भरे फोन आए थे, जिन्हें मैंने रिकॉर्ड भी कर लिया है और कई लोगों के माफी के फोन भी आए हैं. उन्होंने कहा, अगर उनको मेरे इस पैगाम-ए-मोहब्बत से तकलीफ है, मेरा विरोध कर रहे हैं... मैं राष्ट्र के साथ, देश के साथ अगर प्रेम कर रहा हूं... मेरा इसलिए विरोध कर रहे हैं तो मुझे लगता है कि शायद उनको पाकिस्तान चला जाना चाहिए.मुस्लिम धर्मगुरु ने कहा, जो लोग कह रहे हैं कि मुझे माफ नहीं करेंगे मैं उनसे कहना चाहता हूं कि मैं किसी से माफी नहीं मांगने वाला हूं, मैंने कोई गलत काम नहीं किया है. उन्होंने कहा कि वह राष्ट्र सर्वोपरि है के भाव से अयोध्या गए थे, अयोध्या का राम मंदिर राष्ट्र का मंदिर है.इमाम उमर अहमद इलियासी के खिलाफ किसने किया फतवा जारी-इमाम उमर अहमद इलियासी ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए बताया, कल रात (28 जनवरी) को ही एक फतवा जारी हुआ है, जिनका नाम है मुफ्ती सहमीन हुसैनी कासमी, जो शख्स एक इंस्टीट्यूट चलाते हैं मुफ्तियों का, मुफ्ती क्लासेज के नाम से चलता है, मैं उनको जानता नहीं हूं.

## उज्जैन के चिंतामण गणेश मंदिर आए थे भगवान राम-सीता और लक्ष्मण, इस स्थल का पौराणिक महत्व?

माघ माह की संकष्टी चतुर्थी को उज्जैन के चिंतामन गणेश मंदिर में दर्शन का विशेष महत्व माना जाता है. संकष्टी चतुर्थी पर मंदिर में छप्पन भोग लगाया गया. इसके अलावा यहां पर भक्तों का तांता लग लगा हुआ है. चिंतामण गणेश मंदिर में भगवान श्री गणेश के तीन रूपों के एक साथ दर्शन होते हैं.



चिंतामण गणेश मंदिर के पुजारी पंडित गणेश शर्मा का कहना है कि तिल चतुर्थी अर्थात संकष्टी चतुर्थी पर भगवान श्री गणेश के दर्शन का शास्त्रों में विशेष महत्व बताया गया है. स्कंद पुराण की अवंतिका खंड के मुताबिक उज्जैन में संकष्टी चतुर्थी पर भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद लेने से सारे विघ्न और बाधाएं दूर हो जाते हैं. परिवार पर सारा संकट दूर हो जाता है.

**महिलाएं रखती है उपवास**-इसी वजह से आज चिंतामण गणेश मंदिर पर भक्तों का तांता लगा हुआ है. चिंतामण गणेश मंदिर पर भगवान श्री गणेश को 56 भोग लगाए गए हैं. यहां आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में लड्डू वितरित किए जा रहे हैं. उन्होंने बताया कि आज के दिन महिलाएं उपवास रखती है और चंद्रमा के दर्शन के बाद ही अन्न ग्रहण करती हैं. इस उपवास और पूजा अर्चना से परिवार में सुख, शांति और समृद्धि होती है तथा संकट का नाश होता है.

**वनवास के दौरान श्री राम ने की थी स्थापना**-मंदिर के पुजारी जयंत गुरु के मुताबिक भगवान श्री राम, लक्ष्मण और सीता वनवास के दौरान उज्जैन आए थे. यहां पर उन्होंने भगवान श्री गणेश की स्थापना की थी. भगवान श्री राम ने मंदिर में चिंतामण गणेश की स्थापना की थी

## पत्नी की हत्या की... फिर वॉशिंग मशीन में धोए खून से सने कपड़े... शाहपुरा एसडीएम की मौत का 24 घंटे में खुलासा

मध्य प्रदेश के डिंडोरी जिले में एक एसडीएम (स्ठरू) की उसके पति ने तकिए से मुंह दबाकर हत्या कर दी. इस सनसनीखेज मामले का खुलासा घटना के एक दिन बाद बालाघाट रेंज के डीआईजी मुकेश श्रीवास्तव ने किया. इस मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है. सबूत को छिपाने के लिए पति ने घटना के बाद कपड़ों को वॉशिंग मशीन में धोकर सुखा दिया था.यहां बताते चलें कि डिंडौरी जिले के शहपुरा में पदस्थ एसडीएम निशा नापित की रविवार (28 जनवरी) को हुई मौत के मामले में आज सोमवार (29 जनवरी) को सनसनीखेज खुलासा हुआ. पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि एसडीएम की मौत सामान्य मौत नहीं बल्कि उसकी हत्या की गई थी. हत्यारा और कोई नहीं, बल्कि एसडीएम का पति मनीष शर्मा निकला. डीआईजी मुकेश श्रीवास्तव के मुताबिक एसडीएम की हत्या उसके पति ने तकिए से मुंह दबाकर की थी.

**सबूत को छिपाने के लिए किया ये काम**-डीआईजी बालाघाट मुकेश श्रीवास्तव ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस सनसनीखेज मामले का 24 घंटे में खुलासा कर दिया है. उन्होंने बताया कि सबूत को छिपाने के लिए पति ने घटना के बाद कपड़ों को वाशिंग मशीन में धोकर सुखा डाला. पुलिस ने पीएम रिपोर्ट और अन्य सबूतों के आधार पर पति मनीष शर्मा (45 साल) के खिलाफ आईपीसी की धारा 302,304 बी व 201 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है.




**अस्पताल लाने से कुछ देर पहले हुई थी मौत**-यहां बता दें कि एसडीएम निशा नापित की रविवार दोपहर को संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई थी. एसडीएम के पति मनीष शर्मा ने पुलिस को बताया कि सीने में दर्द उठने के बाद उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे थे. इलाज के दौरान उन्होंने अस्पताल में दम तोड़ दिया था. इस मामले में पोस्टमार्टम करने वाले डॉ रत्नेश द्विवेदी ने पुलिस को बताया कि एसडीएम निशा नापित को जब अस्पताल लाया गया था, उससे कुछ घंटे पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी.

**आरोपी ने दी सफाई**-इसके पहले मनीष शर्मा ने बताया था कि निशा का एक ही गुर्दा काम करता था. उनको हमेशा सर्दी-खांसी रहती थी. शनिवार को उनका व्रत था. इस दौरान वे अमरूद खा रही थीं. मना करने के बावजूद वे दो अमरूद खा गईं. रात 10 बजे के आसपास उनको उल्टी हुई. फिर उनकी नाक से ब्लड आया. उन्होंने बताया कि दोनों के बीच बहस भी हुई थी. वो नहीं मानी और गुस्से में सो गईं.आरोपी पति मनीष शर्मा ने पुलिस को बयान दिया कि रविवार को कोई काम रहता नहीं, इसलिए उन्हें जगाया ही नहीं. फिर दो बजे के आसपास उन्हें जगाने गया तो वे नहीं जागी. संदेह होने पर सीपीआर दिया और तीन बजे के आसपास ड्राइवर को फोन लगाया, वो डॉक्टर को लेकर आया. डॉक्टर ने कहा कि अस्पताल ले चलो. अस्पताल में भी उन्होंने सीपीआर दिया गया.

**मृतक एसडीएम की बड़ी बहन ने लगाया आरोप**-वहीं, घटना की खबर मिलने के बाद एसडीएम निशा की बड़ी बहन नीलिमा नापित ने आरोप लगाया था कि आरोपी मनीष शर्मा के कई लोगों से संबंध हैं. वो पैसे को लेकर निशा को प्रताड़ित करता था. उन्होंने दावा किया कि निशा को कोई बीमारी नहीं थी. सर्दी-जुकाम तो सभी को होता है. उन्होंने मनीष शर्मा पर संदेह जताया. एफएसएल टीम को चादर, तकिए और निशा के कपड़े वाशिंग मशीन में मिले हैं. मतलब वो साक्ष्य छिपाने का प्रयास कर रहा है.

**2020 में हुई थी शादी**-इस मामले में नीलिमा ने यह भी बताया कि साल 2020 में निशा ने ग्वालियर निवासी मनीष शर्मा से शादी की थी. दोनों की मुलाकात मेट्रोमोनियल साइट पर हुई थी. इसके बाद निशा ने परिवार को बिना बताए शादी कर ली थी. हम लोगों को बाद में जानकारी लगी थी. निशा एक बार हमसे मिलने घर आई तो पति भी साथ में था. मंडला में पोस्टिंग के दौरान भी दोनों के बीच खूब विवाद हुआ था. तत्कालीन एसपी ने दोनों को समझाइश दी थी.

**नॉमिनी में नाम न देने के कारण हुआ था विवाद**-पुलिस की शुरुआती जांच में यह पता चला कि निशा ने अपने सरकारी दस्तावेज और बैंक डिटेल में पति की जगह बहन नीलिमा और उसके बेटे स्वप्निल का नाम बतौर नॉमिनी दिया है.

## राहुल गांधी की एंट्री से पहले कांग्रेस की तैयारी तेज प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का प्लान?



राहुल गांधी द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा 3 मार्च को मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी. इस न्याय यात्रा में ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटाने के लिए प्रदेश कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी है. मध्य प्रदेश प्रभारी भंवर जितेन्द्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार 4 से 7 फरवरी तक भोपाल, उज्जैन और ग्वालियर क्षेत्रों का दौरा कर समीक्षा बैठक लेंगे.पीसीसी उपाध्यक्ष राजीव सिंह के अनुसार 4 फरवरी को ग्वालियर में लोकसभा स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई, जबकि 5 फरवरी को उज्जैन और 6 फरवरी को भोपाल में बैठक होगी. बता दें कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मणिपुर से अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत की है. यह यात्रा 3 मार्च को मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी. यात्रा धौलपुर से होते हुए मुरैना जिले में प्रवेश करेगी.

**इन जिलों से होकर गुजरेगी यात्रा**-मध्य प्रदेश में यह यात्रा 698 किलोमीटर का सफर तय करेगी. इसमें 9 जिले कवर होंगे. यात्रा धौलपुर से मुरैना जिले में प्रवेश करेगी. इसके बाद ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, राजगढ़, आगर मालवा, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ से होते हुए राजस्थान के बांसवाड़ा जाएगी. बता दें मध्य प्रदेश में इस यात्रा को लोकसभा चुनाव की तैयारियों की शुरुआत की तरह देखा जा रहा है.

**यात्रा के माध्यम से अगामी चुनाव को साधने की तैयारी**-दरअसल 29 लोकसभा सीटे हैं. 2019 के लोकसभा चुनाव की बात करें तो इस चुनाव में बीजेपी ने 28 लोकसभा सीटों पर जीत का परचम लहराया था, जबकि कांग्रेस के खाते में महज एक सीट ही आ सकी थी

## नदी परियोजना समझौते से एमपी-राजस्थान में कैसे बढ़ेंगे उद्योग और रोजगार के अवसर? सीएम मोहन ने बताई पूरी बात



मध्य प्रदेश और राजस्थान के बीच नदियों को लेकर त्रिपक्षीय समझौता हुआ है. इसे मध्य प्रदेश के लिए भी काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का दावा है कि इस समझौते के बाद जहां एक तरफ सिंचाई के संसाधन बढ़ाने से कृषि के क्षेत्र में फायदा होगा, वहीं दूसरी तरफ कई जिलों में औद्योगिक विकास भी देखने को मिलेगा.मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने राजस्थान दौरे के दौरान पार्वती, कालीसिंध और चंबल नदी परियोजना को लेकर त्रिपक्षीय समझौता किया है. राजस्थान और मध्य प्रदेश की सरकार मिलकर नदियों को जोड़ने की दिशा में कदम आगे बढ़ा रही है. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पश्चिम मध्य प्रदेश के ड्राई बेल्ट वाले जिलों में सिंचाई के साधन उपलब्ध होने का दावा किया है.

**जिलों में विकास होगा**-उन्होंने कहा है कि मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, भिंड, श्योपुर में पानी की उपलब्धता बढ़ेगी. इससे औद्योगिक बेल्ट भी बढ़ेगा. उन्होंने दावा किया कि औद्योगिक क्षेत्र में जिन जिलों में विकास होगा, उनमें उज्जैन, इंदौर, धार, आगर मालवा, देवास, राजगढ़ आदि शामिल है.

**उद्योगों के लिए अपनी सबसे महत्वपूर्ण जरूरत**-मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया है कि एमपी के कई जिलों में सिंचाई के लिए पानी उपलब्धता होने से भी ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार मिलेगा. ऐसा माना जा रहा ह

## पीएम मोदी आज करेंगे परीक्षा पे चर्चा, छात्रों को देंगे एग्जाम की टेंशन भगाने का मंत्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के जरिए छात्रों से रूबरू होंगे. सुबह 11 बजे होने वाले इस कार्यक्रम के दौरान वह छात्र-छात्राओं को बोर्ड परीक्षा के वक्त होने वाली टेंशन और तनाव को दूर करने के टिप्स देंगे. जिससे वह बोर्ड परीक्षाओं में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे सकें. इस कार्यक्रम के माध्मय से प्रधानमंत्री मोदी छात्रों के सवालों के जवाब भी देते नजर आएंगे. बता दें कि कल यानी रविवार (28 जनवरी) को मन की बात कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा के बारे में जानकारी दी थी. पीएम मोदी ने कहा था कि वह कल यानी सोमवार को परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से छात्र-छात्राओं को संबोधित करेंगे.बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए इस बार देश-विदेश के 2.27 करोड़ से ज्यादा स्टूडेंट्स, टीचर्स और पेरेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है. ये अपने आप में एक रिकॉर्ड है. परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम प्रगति मैदान में बनाए गए भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा. इस कार्यक्रम के लिए 3000 स्टूडेंट्स का चयन किया गया है. जो



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस कार्यक्रम के दौरान सीधे देख और सुन सकेंगे.इस बीच शिक्षा मंत्रालय ने देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्यपाल, उप राज्यपाल और मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर पीएम मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखने का अनुरोध किया है. इसके साथ ही देश भर के स्कूलों, विश्वविद्यालयों में भी इस कार्यक्रम को दिखाने के लिए कहा है.

बता दें कि बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए सुझाव और परीक्षा के तनाव को कम करने के लिए पीएम मोदी पिछले सात साल से ये कार्यक्रम कर रहे हैं. इस कार्यक्रम को बोर्ड परीक्षाओं से पहले आयोजित किया जाता है. 2018 में शुरू किए गए इस प्रोग्राम के जरिए पीएम मोदी छात्रों से रूबरू होते हैं और उन्हें बोर्ड परीक्षाओं के तनाव से बचने और परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के टिप्स देते हैं.

इसीलिए ये कार्यक्रम छात्रों के बीच काफी लोकप्रिय है. इसके लिए छात्रों को लंबे समय से इंतजार रहता है. इस कार्यक्रम की लोकप्रियता के हर साल बढ़ने को इससे समझा जा सकता है कि इस कार्यक्रम के लिए हर साल होने वाले रजिस्ट्रेशन में इजाफा हो रहा है. बीते साल कार्यक्रम के लिए लिए 31 लाख छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, लेकिन इस साल ये बढ़कर दो करोड़ के पार निकल गया.

## मोदी सरकार पेश करेगी 1 फरवरी को अंतिम बजट, एमपी के युवाओं ने कर दी ये बड़ी मांग



केन्द्र की मोदी सरकार के इस कार्यकाल का आखिरी बजट 1 फरवरी को पेश होने जा रहा है. लोकसभा चुनाव होने वाले हैं, इसलिए ये पूर्ण बजट न होकर अंतिम बजट (लेखानुदान) होगा. सरकार के अंतिम बजट को लेकर युवाओं ने एबीपी न्यूज संवाददाता से अपने मन की बात साझा की. युवाओं ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बने 10 साल हो गए हैं. 10 साल के इन कार्यकालों के बजट में हर बार किसान, व्यापारी और अधिकारी-कर्मचारी (नौकरीपेशा) का ही ध्यान रखा गया, जबकि हर बजट में बेरोजगार युवाओं की अनदेखी ही की गई है. युवाओं के लिए बेरोजगारी सबसे कठिन दौर होता है.युवा महेश सेन कहते हैं कि पढ़ाई पूरी किए तीन साल हो गए हैं. वैकेंसी निकलती है, तो उधार लेकर फार्म भरना पड़ता है. परिवार की स्थिति भी इतनी अच्छी नहीं है. आवेदन जमा करने के बाद वैकेंसी के लिए अन्य शहरों में जाना पड़ता है. बस-ट्रेन का किराया भी मुश्किल से हो पाता है. इस बजट में ऐसी व्यवस्था हो कि आवेदन फार्म नि-शुल्क भरे जाएं. छात्रा सनोमी वर्मा बताती हैं कि कॉलेज के लिए 60 किलोमीटर दूर सीहोर जिला मुख्यालय जाना पड़ता है. परिवार की माली हालत ठीक नहीं है. मम्मी मजदूरी करती हैं और मुझे बस का किराया देते हैं. इस बजट में बस और ट्रेन के किराए छूट मिलना चाहिए. यह सभी युवाओं की व्यथा है.

**युवा बोले- कोई सरकार युवाओं की नही**-अरविंद राघव बताते हैं कि जनप्रतिनिधि मंचों से युवाओं को देश का भविष्य बताते हैं, लेकिन आज यही भविष्य दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर हैं. आए दिन होने वाले चुनावों पर करोड़ों अरबों रुपए खर्च किए जाते हैं, लेकिन युवाओं के लिए उद्योग-धंधों की स्थापना नहीं की जाती है और न ही सरकारी विभागों में नौकरियां निकलती है. यदि वैकेंसी निकलती है तो घोटालों के चलते रद्द हो जाती है. युवती सपना तिवारी ने बताया कि कड़ी मेहनत कर पढ़ाई की, पीजीडीएस किया सिलाई-कढ़ाई आती है, लेकिन कोई फायदा नहीं. अब तो नौकरियों के लिए फार्म भरना ही बंद कर दिया ह

# अवैध हथियार बनाने वाले कारखाने पर देहात पुलिस व सायबर सेल की छापामार कार्यवाही

## एसपी डॉ. असित यादव ने पुलिस कंट्रोल रूम में प्रेस वार्ता कर किया खुलासा,देशी कट्टे व औजार बरामद,दो आरोपी गिरफ्तार

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक,नगर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात निरीक्षक प्रदीप सोनी व सायबर सेल भिण्ड के संयुक्त नेतृत्व में जिला भिण्ड में अवैध शराब,अवैध हथियार व गुण्डा बदमाशों व स्थायी वारंटियों की धरपकड की कार्यवाही जारी है।इसी तारतम्य में दिनांक 28/01/24 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि सरसों के खेत ग्राम बिजपुरी में एक व्यक्ति कटटा निर्माण करवा रहा है। सूचना पर आरोपी के खेत में थाना देहात पुलिस व सायबर सेल भिण्ड ने संयुक्त रूप से दबिश देकर कटटा निर्माण कर रहे दो आरोपीगणों को गिरफ्तार कर लिया है, कटटा निर्माण कराने वाला आरोपी घटना स्थल से फरार हो गया है। गिरफ्तारशुदा आरोपी गणों के कब्जे से कटटा बनाने वाला सामान जप्त किया गया है। उक्त आरोपीगणों के



विरूद्ध आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गयी। आरोपी खेत मालिक उक्त गिरफ्तारशुदा कटटा निमार्ण करने वाले आरोपीगणों को उत्तर प्रदेश से लाया था जिनमें एक फरूर्खाबाद व एक मैनपुरी जिले का होना बताया।उक्त आरोपीगणों के ऊपर पूर्व में भी अवैध हथियार निर्माण कर कारखाना संचालन करने के अपराध पंजीबद्ध है। आरोपीगण पूर्व में फिरोजबाद, मैनपुरी में भी कई बार गिरफ्तार किये जा चुके है। उक्त हथियार निमार्णकर्ताओं से हथियार निर्माण व अवैध हथियार क्रय विक्रय के सम्बन्ध में पूछताछ की जा रही है।

**बरामद मसरूका**-315 बोर के 7 कट्टे एवं 2 अधबने 315 बोर के कट्टे, एक ड्रिल मशीन बडी, एक ड्रिल मशीन छोटी, 2 पकड मशीन (दवाने वाली), तीन फनर, चार फनर पत्ती, 2 रैतमाल बडे, 1 रैतमाल छोटा, 1 प्लास, 1 ग्रुब्ज मेकर, 1 हथोडा, 1 आरी छोटी लकडी वाली, 10 घोडा, 1 भट्टी ब्लोअर, 5 लोहे की पत्तिया, 2 मोटी नाल पाईप, 4 छोटी पाईप लोहे की, 4 बडी पाईप लोहे की, 3 नली 315 बोर की, 1 लोहे की सडासी, पतला तार, स्क्रू 1 डिब्बी, 5 ट्रिगर पत्ती, 2 छेनी बडी, 1 छेनी छोटी नुकीली, लोहे की दो चोडी पत्तिया, 1 स्प्रिंग, 1 रैतमाल गोल जप्त किया।

**सराहनीय कार्य-** निरीक्षक प्रदीप सोनी,निरीक्षक दीपेन्द्र यादव, उपनिरीक्षक विजय शिवहरे,रेखा मिश्रा,रविन्द्र मांझी, लक्ष्मण किशोर गुबरेले, प्रमोद तोमर,एएसआई सत्यवीर सिंह,नरेन्द्र सिंह चौहान,प्रधान आरक्षक प्रमोद पाराशर,सतेन्द्र यादव,महेश, गुरूदास,सोनेन्द्र,मनीष भदौरिया, के श व भ दौ रि या , धी र ेन्द भदौरिया,आरक्षक राहुल यादव,यतेन्द्र राजावत, आनन्द दीक्षित,भूपेन्द्र राजावत, अनिल जाट,सुभाष तोमर,ज्ञानेन्द्र मिश्रा,विष्णु तोमर,राहुल शुक्ला, बृजनन्दन की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# युवा भाजपा नेता मांगीलाल चौधरी ने किया बोरूंदा क्षेत्र का दौरा

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

पाली -उत्तर प्रदेश भाजपा आईटी सेल के पूर्व प्रदेश सह प्रमुख एवं आगामी पाली लोकसभा क्षेत्र से सांसद की चुनाव तैयारी कर रहे युवा भाजपा नेता मांगीलाल चौधरी बिजोवा ने किया बोरूंदा क्षेत्र का दौरा, स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया गर्मजोशी से किया स्वागत। मांगीलाल चौधरी ने स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं किसानों एवं मजदूर वर्ग से मुलाकात के दौरान विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की । स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में व्याप्त अवैध खनन को रोकने के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।जैसा कि ज्ञात रहें बोरूंदा क्षेत्र में राजस्थान का अच्छे किस्म का लाइम स्टोन



निकलता है और सरकारी स्तर पर सिर्फ बड़े स्तर पर जमीन धारकों को ही लीज मिलती है छोटे भूमिधारको को नहीं, मांगीलाल चौधरी ने आश्वासन दिया कि मुद्दे का उचित समाधान का प्रयास किया जायेगा। एक बोरूंदा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की फसलों का भी व्यापक उत्पादन होता है जिसको बेचने हेतु कृषि मंडी की अनुपलब्धता के कारण दूसरी जगह जाकर बेचना पड़ता है। इससे किसान वर्ग को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । मांगीलाल चौधरी ने कृषि मंडी के लिए जमीन आवंटित करवाने के जो भी आवश्यक कार्रवाई करवानी है वो भरसक प्रयास किए जाएंगे।इस मौके पर बहादुर सिंह, देवीलाल कच्छावा, ओमप्रकाश भंवरिया,भीख सिंह, शैतान सिंह, हेमंत, रामसिंह मेहरू, छैलसिंह मेड़तिया, नवरत्न सिंह,नंद किशोर टांक,डीसी आर्य, भेराराम जोशी, सुरेंद्र वैष्णव,चंदन सिंह शेखावत, राजेन्द्र टांक,मगराज,प्रताप सिंह, कुलदीप शर्मा,महेश दाधिच, रामनिवास,पवन सिसोदिया वह हनुमान पेमावत सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बैठक में कलेक्टर ने की समयसीमा प्रकरणों की समीक्षा,सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश

**खरगोन जिले से मुन्ना खान**
**ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

आज 29 जनवरी को कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर द्वारा समयसीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जेएस बघेल, श्रीमती लक्ष्मी गाम?, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती स्वाति मिश्रा, सभी एसडीएम एवं सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण लंबित नहीं रहना चाहिए, इनका त्वरित



निराकरण किया जाए। अगले एक सप्ताह के भीतर सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन की लंबित 50 प्रतिशत शिकायतों का अनिवार्य रूप से निराकरण करें। समीक्षा के दौरान पाया गया कि विभिन्न विभागों की 5 हजार से अधिक शिकायतें 50 से अधिक दिनों से लंबित है। एक सप्ताह के भीतर इन शिकायतों का निराकरण कर 2500 तक लाने के निर्देश दिए गए। विशेषकर राजस्व विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं नर्मदा घाटी विकास विभाग की अधिक संख्या में लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने कहा गया।बैठक में सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि श्रम विभाग की अनुग्रह सहायता राशि स्वीकृत करने के लिए ग्राम पंचायत की रिपोर्ट तत्परता के साथ श्रम विभाग को उपलब्ध कराएं। राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे फसल गिरदावरी का कार्य प्रारंभ कर दें। गिरदावरी का यह कार्य मौके पर जाकर करना है, खटिया गिरदावरी नहीं चलेगी। बैठक में आगामी 05 फरवरी से प्रारंभ हो रही 10वीं एवं 12वीं बोर्ड पर

# संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर निकली राष्ट्रीय ध्वज यात्रा मालनपुर झांकरी में निकली बायक रैली

**महेंद्र शर्मा संपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**

**भिण्ड।** संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर 26 जनवरी संविधान दिवस पर आज भिण्ड जिला मुख्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज के साथ तिरंगा यात्रा शहीदे ए आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर सीटू जिला अध्यक्ष विनोद सुमन एवं संयुक्त किसान मोर्चा भिण्ड जिला संयोजक देविंद्र सिंह चौहान एडवोकेट ने माल्यार्पण कर तिरंगा यात्रा शुरू हुई बजरिया होते हुए गोल मार्केट राष्ट पिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर डा नदीम खान एवं भवन निर्माण यूनियन के नेता व जनपद सदस्य रामकेश केवट ने माल्यार्पण किया सदर बाजार परेड चौराहा होते हुए



सब्जी मंडी स्थित बाबा भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण सूरजरेखा त्रिपाठी एडवोकेट एवं एस एफ आई राज्य सचिव शहवाज खान ने माल्यार्पण किया राष्टीय ध्वज यात्रा में मुख्य नारे संविधान दिवस जिन्दाबाद विदेशी कंपनी भारत छोड़ो भारतीय संविधान जिंदाबाद अनेकता में एकता भाई चारा जिदावाद गूंज रहे थे मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में बाहक रैली निकाली गई जिसका नेतृत्व सीटू जिला उपाध्यक्ष देविंद्र शर्मा मध्यप्रदेश किसान सभा के जिला अध्यक्ष प्रेमनारायण माहौर बीरेंद्र सिंह कुशवाहा नारायण शर्मा चौखेलाल हरगोविंद जाटव ने किया झांकती में बायक रैली का नेतृत्व मध्यप्रदेश किसान सभा के जिला महासचिव राजेश शर्मा नारायण माहौर राकेश प्रजापति ने किया भिण्ड कार्यक्रम में मुख्य रूप से नरेंद्र सिंह सेंगर उपमा दौनेरिया देव कटारे राजेश गोला ईशू कटारे लक्ष्मण सिंह प्रभू दयाल शेजवार श्रीकृष्ण बाल्मीकि कमलेश अटल मुन्ना लाल बाथम रामकुमार त्रिपाठी अनिल दौनेरिया उपस्थित रहे उक्त जानकारी प्रेस को जारी विज्ञप्ति में सीटू जिला महासचिव अनिल दौनेरिया ने दी और 16 फरवरी की 10 राष्टीय श्रमिक संगठनों के आह्वान पर भारत बंद सफल बनाने का संकल्प बाबा भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के सामने सभी ने लिया

**प्रेषक**
**अनिल दौनेरिया**
**जिला महासचिव सीटू**

## नेताजी सुभाष चंद्रबोस के जयंती के अवसर पर सिमुलतला रेलवे स्टेशन परिसर मे स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया गया।

**जमुई बिहार।**आज मंगलवार को सिमुलतला स्टेशन परिसर की विशेष साफ - सफाई स्टेशन प्रबंधक अखिलेश कुमार और एसएसबी के कंपनी कमांडर शंकर कुमार, को - कापरेटिव बैंक के उपाध्यक्ष श्रीकांत यादव, जिला पार्षद प्रतिनिधि आलोक राज, खुरंडा मुखिया प्रतिनिधि रामदेव यादव, समाजसेवी गौतम सिंह, पूर्व पंसस सदस्य उदय सिंह गौरा के नेतृत्व में किया गया। सफाई अभियान में दर्जनों की संख्या में स्थानीय लोगों के साथ एसएसबी के द्वारा संचालित मोटरसाइकिल प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षित हो रहे बच्चे और जवान शामिल हुए। सफाई अभियान स्टेशन प्रवेश द्वारा, शीशम बागान, मोटरसाइकिल, वाहन पड़ाव, टिकट घर, प्लेटफार्म आदि का सफाई किया गया। प्रबंधक कुमार ने कहा सिमुलतला स्टेशन अमृत भारत योजनान्तर्गत हो रहे विकास कार्य के बाद एक आधुनिक स्टेशन की श्रेणी में आ जाएगा। स्टेशन की साफ - सफाई रेलवे कर्मियों के साथ क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों की जवाबदेही बनता है।

# सैणचा भगत परिवार का तीसरा वार्षिक स्नेह मिलन समारोह धूम-धाम से मनाया,पारंपरिक वेशभूषा में घूमर नृत्य से सजा स्नेह मिलन

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे /**
**नारायणलाल सैणचा ब्यूरो सीफ**

बेंगलूरु. तुमकुर रोड स्थित रेजिडेंसी रिसोर्ट में रविवार को सैणचा (भगत) परिवार का तीसरा वार्षिक स्नेह मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में कर्नाटक होसूर शहर के साथ ही राज्य के अनेक प्रमुख शहरों से प्रवासी सैणचा (भगत ) ग्रामवासी सपरिवार शामिल हुए। सर्वप्रथम श्री जानरायजी की स्तुति पूजा- अर्चना, मंगल आरती की गई। संस्था के अध्यक्ष मोहनलाल सैणचा ने स्वागत किया। सचिव पन्नालाल सैणचा ने समाज से संगठित होकर गांव एवं समाज के विकास संस्थान पिपलाद के लिए काम करने का आहान किया। समारोह में श्री जानरायजी भगवान विकास संस्थान पीपलाद एम्बुलेंस के लिए समाज बंधुओ ने बोलियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। राजस्थान से आए बुजुर्गो और अतिथियों का माला व



साफा पहनाकर स्वागत किया गया। होसूर से पधारे रूपाराम सैणचा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बालिका दो घरों को रोशन करती है। इसलिए बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए। कोषाध्यक्ष वचनाराम सैणचा ने युवाओ को खेलकूद एंव शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह में 5 वीं कक्षा एंव उसके आगे की कक्षा के बालक बालिकाओं ने 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया। दिनभर चले स्नेह-मिलन समारोह में जहां गांव के बड़े-बुजुर्ग सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करने में व्यस्त रहे, वहीं युवाओं व बच्चों ने खेलों का लुत्फ उठाया। पुरुषों व महिलाओं ने गीत-संगीत व नृत्य के से मनोरंजन किया। इस कार्यक्रम में महाप्रसादी का आयोजन रखा गया।इस अवसर पर स्नेह मिलन की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस मौके पर अमराराम सेंणचा मलवली, मांगीलाल सैणचा, शिवलाल सैणचा, वेनाराम सैणचा, अमराराम सैणचा, सुरेश सैणचा, उम्मेद राम सैणचा, शेषाराम सैणचा सहित बड़ी संख्या में सैणचा भगत परिवार के लोग मौजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट में समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिण्ड ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मनोज सरियाम की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान एडीएम राजकुमार खत्री,एसडीएम,डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सीईओ जिला पंचायत श्री सरियाम ने विभागीय योजनाओं के संबंध में अधिकारियों से समीक्षा की।उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, उर्वरक वितरण की जानकारी, प्राकृतिक खेती, मत्स्य बीज उत्पादन लक्ष्य एवं उपलब्धि, पीआईयू के कार्य, सेतु निर्माण कार्य, सीएम राइज स्कूल सहित अन्य विभागीय योजनाओं और विभागीय गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा कर कहा कि सभी विभाग प्रमुख लंबित सभी शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा मण्डल म0प्र0 भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूलध्हायर सेकेण्डरी वार्षिक परीक्षा वर्ष 2024 की तैयारियों के संबंध में समीक्षा कर परीक्षा को सफलता पूर्वक संपादित कराने हेतु प्राप्त गाइडलाइन एवं दिशा निर्देश के अनुसार कार्य करने निर्देश दिए।

# आजमगढ़ में युवती की धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या

थाना जहानागंज के ग्रामसभा बड़हलगंज बरही में मऊ जनपद के चिरैयाकोट थाना के ग्राम रसूलपुर निवासी मृतक अर्चना पुत्री बिरजू राम उम्र लगभग 19 वर्ष की धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दिया गया है। सूचना मिलते ही घटना स्थल पर चिरैयाकोट व जहानागंज थाने की पुलिस पहुंच कर जाँच पड़ताल में जुट गई है। कुछ समय बाद आजमगढ़ अपर पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य भी मौके पर पहुंच गए हैं। मृतक अर्चना की माँ ने बताया की जहानागंज लग्गूपुर के पास टेकयी गांव निवासी आकाश नाम के लड़के से बात करती थी।



वह जबरी सादी का दबाव भी बना रहा था। ल?की की माँ सादी से इनकार करती थी दिनांक 29,01,2024 को सुबह लगभग 11 बजे ल?की घर से सामान खरीदने के लिए बड़हलगंज बाजार गयी थी। जब देर हुई तो दन्देह में आकर लड़की की माँ ने पड़ोस के ही लड़के को देखने को कहा तो माँ को मिली जानकारी की लड़का से बाजार में बात कर रही है। जानकारी मिलते ही माँ ने भी बाजार के लिए निकल गयी जहाँ रास्ते मे सरसों के खेत में किनारे मृतक ल़ड़की अर्चना का लास खून में लतफत पड़ा मिला, चीख पुकार की आवाज सुनकर काफी संख्या में ग्रामीण इक्कट्ठा हो गए हैं। लास को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक के अनुसार आरोपी हत्यारे की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीम गठित की गई हैं। जल्द ही गिरफ्तार कर कड़ी से कार्यवाही की जाएगी

# लोक सभा चुनाव के लिए ईव्हीएम की एफएलसी का कार्य प्रारंभ

**खरगोन जिले से मुन्ना खान ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

आगामी लोकसभा निर्वाचन-2024 को दृष्टिगत रखते हुये ईव्हीएम मशीनों की एफएलसी का कार्य आज 29 जनवरी 2024 से वेयर हाउस खरगोन में प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कर्मवीर शर्मा और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एफएलसी प्रक्रिया शुरू की गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जेएस बघेल, निर्वाचन सुपरवाइजर श्री कैलाश पाटीदार एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। ईव्हीएम वेयरहाउस में प्रतिदिन अवकाश सहित दिवसों में खोला जाकर ईव्हीएम मशीनों की एफएलसी की कार्यवाही की जाएगी।

# प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना में 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रूपए पेंशन

**खरगोन जिले से मुन्ना खान**
**ब्यूरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे।योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी।भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा जमा की जाएगी जिसमें 50 प्रतिशत प्रीमियम की राशि भारत सरकार श्रम मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी। श्रमिक की 60 वर्ष आयु पूर्ण होने पर बीमित व्यक्ति को 3 हजार प्रतिमाह रूपए पेंशन के रूप में प्राप्त होगी।इस योजना के संचालन के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम को अधिकृत किया गया है। इस योजना के लिए इच्छुक श्रमिक योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए निकटतम कॉमन सर्विस सेंटर (कियोस्क) पर जाकर अपना नामांकन करा सकते हैं।

## लोकसभा निर्वाचन में शांतिपूर्ण निष्पक्ष मतदान हेतु कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों को दिए निर्देश

# संवेदनशील केंद्रों की पहचान एवं उसपर मतदान कराने हेतु तैयारियों के लिए सेक्टर ऑफिसरों को दिया गया प्रशिक्षण

3कोण्डागांव, मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में जिले के सभी मतदान केंद्रों में आगामी लोकसभा निर्वाचन में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने हेतु सेक्टर अधिकारियों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में संवेदनशील केन्द्रों की पहचान एवं उनके मूल्यांकन कार्यों को अतिमहत्वपूर्ण बताते हुए इसके संबंध में जानकारी दी गयी। जिसमें उन्होंने कहा कि निर्वाचन पूर्व तैयारियों से आपका कार्य निर्वाचन के दिवस में आसान हो जाएगा। इसके लिए प्रशासनिक सेक्टर अधिकारियों एवं पुलिस सेक्टर अधिकारियों को मतदान केन्द्रों के



लिए रूट निर्धारित कर तथा मतदान केन्द्रों में पहुंच उनका जायजा लेना होगा। ताकि उन क्षेत्रों में होने वाली दिक्कतों का वे आंकलन कर उसका निराकरण कर सकें।इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी सेक्टर अधिकारियों को दल सहित अपने निर्धारित क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित करने तथा संवाद हेतु योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करने को कहा ताकि क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत समस्त व्यवस्था सुदृ? की जा सके। सभी सेक्टर अधिकारियों को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मापदंड के आधार पर क्षेत्र की संवेदनशीलता की जांच हेतु निर्देश दिये गये। जिसमें क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव, राजनीतिक तनाव, पूर्व में हुए जघन्य अपराध, पूर्व मतदानों में कम मतदान प्रतिशत, महिला एवं विशेष जाति के लोगों में मतदान न करने हेतु किसी प्रकार के दबाव, पूर्व निर्वाचन में प्रभावित होने आदि बिन्दुओं के आधार पर संवेदनशीलता का निर्धारण करने को कहा गया।

## सचिन सूर्या बोल रहा हूँ एल्बम के पोस्टर ने मचाया तहलका

# 30 जनवरी को एल्बम के रिलीज होने का लोगो को बेसब्री से इंतजार

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** विंध्य में जहाँ युवाओं की एक सशक्त टीम युवा एकता परिषद ने जनसेवा की अनूठी मिसाल पेश की है। वहीं अब युवाओं की टीम ने हिंदी गाने का एक एल्बम तैयार किया है, गीत के लेखक युवा एकता परिषद परिवार के मुखिया पंडित सचिन शर्मा सूर्या ने स्वयं अपनी आवाज दी है। गीत के माध्यम से युवाओं का आह्वान किया गया है जिसमें युवा एकता परिषद के युवाओं ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। विंध्य की प्रतिभाएं किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं,जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर विंध्य का परचम लहराने का कार्य किया है। किसी ने सच ही कहा है की प्रतिभाएँ परिस्थितियों की मोहताज बिल्कुल नहीं होती। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण हैं विंध्य के रीवा जिले के मनगवाँ तहसील के गोंदरी गांव निवासी 34 वर्षीय क्रांतिकारी युवा पंडित सचिन शर्मा सूर्या। जिन्होंने बीटेक सिविल इंजीनियरिंग ग्रेजुएशन की पढ़ाई के बाद पत्रकारिता से बीजेएमसी व पत्रकारिता से मास्टर डिग्री एमएजे कर चुके हैं। पत्रकारिता के क्षेत्र में राष्ट्रीय समाचार पत्र का प्रकाशन करने के साथ ही सामाजिक दायित्व का निर्वहन करने वाले युवाओं के सशक्त संगठन युवा एकता परिषद के माध्यम से जनसेवा का बेड़ा उठा रखा है। कला के क्षेत्र में भी युवाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से युवा साथियों का आह्वान करने हेतु युवा एकता परिषद परिवार के मुखिया




सचिन सूर्या ने एक गीत बनाया एवं उसे गाया भी। उल्लेखनीय है की युवा जोश व युवा शक्ति से ओतप्रोत यह एल्बम युवा साथियों के सहयोग से तैयार किया गया है। सचिन सूर्या बोल रहा हूँ... गीत का पोस्टर रिलीज हो गया है और एल्बम 30 जनवरी मंगलवार को के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा, जिस चैनल के पहले एल्बम सांग को 50ऌ दर्शकों ने देखा है। बता दें की देशभक्ति से ओतप्रोत यह हिंदी गीत सचिन सूर्या बोल रहा हूँ का पोस्टर रिलीज होते ही युवाओं में काफी उत्सुकता देखने को मिल रही है। इस गीत को आवाज दी है युवा हृदय सम्राट पंडित सचिन शर्मा सूर्या ने। वहीं इस गीत के वीडियो में मुख्य कलाकार के तौर पर पंडित सचिन शर्मा सूर्या और शिवम समदरिया ने अभिनय किया है। वहीं इस एल्बम का निर्माता युवा एकता परिषद परिवार है जो अपने आप में जनसेवा की एक मिसाल है। इस गीत का ऑडियो 100 से अधिक म्यूजिक प्लेटफार्म में डिस्ट्रीब्यूट किया जा रहा है। इस गाने के वीडियो निर्देशक हैं अस्लम रजा। संगीत से सजाया है आनंद शुक्ला अनंत व अंकित तिवारी ने जिन्होंने हिंदी व बघेली इंडस्ट्री के कई सुपरहिट गानों को आवाज दी है। वीडियो शूटिंग किया गया है विंध्य के युवा सितारे अस्लम रजा द्वारा। युवा एकता परिषद के इस एल्बम सांग में प्रमुख रूप से विंध्य के सुपरस्टार अविनाश तिवारी,भोजपुरी स्टार विनय पांडेय सानू,संगीतकार आनंद शुक्ला अनंत,युवा गायक अंकित तिवारी,युवा कलाकार शिवम समदरिया व कमेडी कलाकार करण राठौर ने अपना विशेष सहयोग प्रदान किया है। एल्बम सांग में युवा एकता परिषद टीम से सूर्यप्रकाश द्विवेदी,शिवम समदरिया,करन राठौर,डॉ. अमित पाण्डेय,प्राशू तिवारी,शिव पाण्डेय दीपू,श्रीकृष्ण शरण शुक्ला निखिल,अमन शुक्ला आर्यन,हृदेश मिश्रा गोलू,मोहित तिवारी,दीपेश द्विवेदी,भानू प्रताप सिंह व आर्यन तिवारी ने प्रदर्शन किया है। सचिन सूर्या बोल रहा हूँ... का पोस्टर रिलीज होने के बाद जहाँ दर्शकों में गीत का वीडियो देखने के लिए काफी उत्सुकता नजर आ रही है, वहीं गीत की डिजिटल रिलीज़ की तारीख 30 जनवरी मंगलवार है। एल्बम में शामिल युवाओं की इस सशक्त टीम को देखकर ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है, कि यह गाना वर्ष 2024 के सुपर डुपर हिट गाने के रूप में देखा जाएगा।

# शहीद दिवस आज,शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा जायेगा

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )।**
स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को शहीद दिवस आयोजित किया जायेगा। 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे सारे देश में 2 मिनट का मौन रखा जायेगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि उन शहीदों की स्मृति में जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान दिया है 2 मिनट का मौन रखा जाता है। अतः पूर्वान्ह 11 बजे सभी काम तथा गतिविधियां रोककर मौन रखा जाना चाहिए। शहीद दिवस पर 2 मिनट का मौन की अवधि शुरू होने पर सायरन बजाकर सूचना दी जायेगी और 2 मिनट के बाद 11.03 बजे क्लियर सायरन बजाया जाय। सायरन सुनकर सभी व्यक्ति ख? हो जाय और 2 मिनट का मौन रखें। आमजन भी इसे गंभीरता से लेते हुए अपना काम रोककर 2 मिनट का मौन रखें। शहीद दिवस पूरी गरिमा के साथ मनाया जाय। सभी शैक्षणिक संस्थाओं, सार्वजनिक उपक्रमों में पूर्वान्ह 11 बजे 2 मिनट का मौन रखें। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय एकता के बारे में वार्ताएं और भाषा हाईब्रिाड मोड में आयोजित करें।

# मद्य निषेध संकल्प दिवस आज

रीवा(पुष्पांजली टुडे )।
महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर आज 30 जनवरी को मद्य निषेध संकल्प दिवस का आयोजन किया जायेगा। समाज में बड़ते हुए मद्यपान तथा नशीली दवा, मादक पदार्थ/ द्रव्यों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से युवाओं, विद्यार्थियों एवं समाज को अवगत कराने, नशा छो?ने के लिऐ प्रेरित कर उन्हें मादक द्रव्य पान, गुटका, तम्बाकू सिगरेट, मदिरा पान त्यागने हेतु संकल्प दिलाने तथा संकल्प लेने वालों से संकल्प पत्र भरवाने का कार्य इस दिवस पर किया जायेगा। नशा प्रवृत्ति की रोकथाम हेतु जनजागृति एवं जन चेतना का निर्माण किया जाना इसका मुख्य उद्देश्य है। भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नशामुक्त भारत अभियान प्रारंभ किया गया है जिसमें नशीली दवाओं की मांग में कमी लाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों को सम्मिलित किया गया है। इसके तहत उपचार व परामर्श तथा जनजागृति संबंधी कार्य किये जायेंगे ताकि लोग नशामुक्ति की ओर प्रेरित हो सके। इसी क्रम में विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत, स्थानीय निकाय तथा स्वैच्छिक संस्थाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। मद्य निषेध संकल्प दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी जी की जयंती पर व्याख्यान, वेवीनार, आदि कार्यक्रम आयोजित कराने, नशामुक्ति के लिये जनजागृति हेतु रैली, नुक्कड़ नाटकों का मंचन कराने, स्थानीय विद्यालयों में नशामुक्ति विषयंक प्रतियोगिताएं, प्रश्न मंच का आयोजन कराने तथा ग्राम सभाओं में नशामुक्त ग्राम बनाने संबंधी प्रस्ताव पारित कराया जायेगा।इसी प्रकार ग्राम स्तर, नगरीय स्तर पर स्थानीय व्हाटसएप ग्रुप तैयार किये जाकर, व्हाटसएप ग्रुपों में नशामुक्ति के संदेशों एवं लघु फिल्मों को भेजने, ग्राम स्तर, शहरी स्तर पर नशामुक्ति अभियान हेतु स्थानीय वालेंटियर तैयार करने, नशा पीड़ितों के उपचार हेतु स्वास्थ्य विभाग के सहायोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य परीक्षण कैम्पों का आयोजन किये जाने के साथ ही नशामुक्ति भारत अभियान अन्तर्गत गतिविधियों को एनएमबीए पोर्टल पर दर्ज किये जाने का कार्य नशामुक्ति अभियान के तहत होगा।

# कलेक्टर ने किसानों से ई केवाईसी अपडेशन की अपील,किसान थोड़े से प्रयास से हर साल प्राप्त कर सकते हैं 12 हजार रुपए - कलेक्टर

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।**
किसानों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना लागू की गई है। इन दोनों योजनाओं से पात्र किसानों को हर साल 12 हजार रुपए की राशि प्राप्त होती है। इसके लिए पात्र किसान का बैंक खाता डीबीटी होना और ई केवाईसी अपडेट होना आवश्यक है। जिले में राजस्व महाअभियान में सभी पात्र किसानों के ईकेवाईसी अपडेशन का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने किसानों से अपील करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि तथा मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से छोटे किसानों की कई जरूरतें पूरी हो जाती हैं। पात्र किसान थोड़े से प्रयास से हर साल 12 हजार रुपए की राशि प्राप्त कर सकते हैं। उन्हें केवल अपना बैंक खाता डीबीटी कराना है तथा आधार संख्या बैंक खाते में दर्ज करानी है। बैंक शाखा जाकर अथवा पटवारी से संपर्क कर किसान छोटी सी कमी को दूर कराकर 12 हजार रुपए का लाभ प्राप्त करें।



## बोर्ड परीक्षाओं में गोपनीयता भंग होने पर दर्ज होगी एफआईआर - कलेक्टर

# बोर्ड के निर्देशों का कठोरता से पालन करते हुए परीक्षा संचालित करें – कलेक्टर

**रीवा(पुष्पांजली टुडे )** ।माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा कक्षा दसवीं तथा बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं 5 फरवरी से निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आरंभ हो रही हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बोर्ड परीक्षाओं के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी केन्द्राध्यक्ष बोर्ड के निर्देशों का कठोरता से पालन करते हुए परीक्षा संचालित करें। परीक्षा केन्द्र परिसर में किसी भी व्यक्ति के पास मोबाइल फोन पाया गया तो कठोर कार्यवाही की जाएगी। केन्द्राध्यक्ष भी मोबाइल फोन लेकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश न करें। प्रश्नपत्रों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए कई कठोर उपाय किए गए हैं। प्रश्नपत्र के थाने से परीक्षा कक्ष तक लेकर आने के प्रोटोकाल का कठोरता से पालन करें। बोर्ड परीक्षाओं में गोपनीयता भंग होने पर एफआईआर दर्ज करके कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि प्रश्नपत्र थाने से बंद बॉक्स में प्राप्त होंगे। केन्द्राध्यक्ष अथवा अन्य व्यक्ति इसे खोलने का प्रयास न करें। प्रश्नपत्र परीक्षा कक्ष के अंदर पर्यवेक्षक द्वारा परीक्षार्थियों के सामने खोला जाएगा। प्रश्नपत्र एबीसीडी की सीरीज में होंगे। इन्हें वितरण की तालिका निर्देशों में दी गई है। प्रत्येक कक्ष में तालिका प्रदर्शित कर दें। उसी के अनुसार प्रश्नपत्रों का वितरण कराएं। निर्धारित क्रम के अनुसार प्रश्नपत्र का वितरण न होने पर भी कार्यवाही की जाएगी। सभी केन्द्राध्यक्ष परीक्षा केन्द्र के परिसर में किसी भी आवंछित व्यक्ति का प्रवेश न होने दें। परीक्षा केन्द्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। किसी भी परीक्षा केन्द्र से सामूहिक नकल अथवा अन्य गंभीर शिकायत मिलने पर एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। सभी केन्द्राध्यक्ष परीक्षा केन्द्र में अनुशासन बनाए रखते हुए बोर्ड परीक्षाएं संपन्न कराएं। परीक्षा केन्द्र में विद्यार्थियों के लिए पेयजल, शौचालय, आदि की समुचित व्यवस्था करें। परीक्षा केन्द्र के बाहर मोबाइल फोन सुरक्षित रखने के लिए भी उचित प्रबंध करें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, जिला शिक्षा अधिकारी जीपी उपाध्याय तथा सभी केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के सभी आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।.** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों का निराकरण करें। जनवरी माह में दर्ज तथा 50 दिन से अधिक समय से लंबित प्रकरण प्राथमिकता से निराकृत करें। प्रकरणों के निराकरण में विभाग यदि डी श्रेणी में रहेंगे तो उत्तरदायी अधिकारी पर कार्यवाही की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जननी सुरक्षा योजना के लंबित भुगतान कराकर सीएम हेल्पलाइन प्रकरण निराकृत करें। यदि विभागीय मद में राशि उपलब्ध नहीं है तो रोगी कल्याण समिति से जननी सुरक्षा योजना का भुगतान कराएं। कलेक्टर ने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए एक से तीन फरवरी तक जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद शिविर लगाए जा रहे हैं। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी इन शिविरों के लिए आवश्यक प्रबंध करें। शिविर की तिथियों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शिविर के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों के ड्यूटी आदेश आज ही जारी करा दें।



परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण नगरीय निकायों द्वारा प्रतिदिन निराकृत सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करें। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय पेंशन से संबंधित सभी प्रकरण सात दिवस में अनिवार्य रूप से निराकृत करें। कलेक्टर ने कहा कि स्वरोजगार योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े सभी अधिकारीबैंकों में लंबित प्रकरणों को स्वीकृत कराएं। इनके हितग्राहियों को एक फरवरी को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में ऋण राशि का वितरण कराएं। अग्रणी बैंक प्रबंधक प्रकरणों की स्वीकृति के संबंध में बैंकवार रिपोर्ट प्रस्तुत करें। विकसित भारत संकल्प यात्रा समाप्त हो गई है। इसमें बड़ी संख्या में आमजनता से आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। संबंधित अधिकारी आवेदन पत्रों का समुचित निराकरण करके जानकारी पोर्टल में दर्ज कराएं। सभी कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों का नाम उनकी पदस्थापना के विधानसभा क्षेत्र में दर्ज कराकर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। न्यायालय में दायर याचिकाओं के संबंध में जवाब दावा दर्ज कराकर उसकी प्रति कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराएं। इस वर्ष विभागीय कार्यों में नवाचार के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संयुक्त संचालक पशुपालन बसामनमामा गौ अभ्यारण्य में किए गए नवाचारों का प्रस्ताव पुरस्कार के लिए भेजें। कलेक्टर ने कहा कि धान उपार्जन समाप्त हो गया है। उपार्जित धान तथा भण्डारित मात्रा का मिलान कराएं। शेष बचे किसानों को दो दिवस में भुगतान कराएं। महाप्रबंधक सहकारी बैंक किसानों तथा सहकारी समितियों को लंबित राशि का तीन दिवस में अनिवार्य रूप से भुगतान कराएं। बैठक में महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि धान उपार्जन से बैंक को 31 करोड़ के ऋणों की वसूली हुई है। जिन समितियों ने किसानों से ऋण की राशि नहीं काटी है उनके विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। बैठक में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में पंजीयन, खाद्यान्न के वितरण, खाद्यान्न पर्ची जारी करने, बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी तथा भूअर्जन के प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की गई। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, एसडीएम हुजूर वैशाली जैन, सभी एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्व महाअभियान की एसडीएम नियमित समीक्षा करें - कलेक्टर

# राजस्व महाअभियान में एक साल तक के सभी राजस्व प्रकरण निराकृत करें - कलेक्टर

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** कलेक्ट्रेट बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राजस्व महाअभियान की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि संबंधित एसडीएम राजस्व महाअभियान की पटवारी हल्कावार नियमित समीक्षा करें। बी-1 वाचन का कार्य लगभग पूरा हो गया है। नक्शा तरमीम और खसरे में सुधार के प्रकरणों के निराकरण के लिए पटवारियों की ड्यूटी लगाएं। अब तक जितने प्रकरण निराकृत हुए हैं उन सभी को आरसीएमएस पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज करें। अभियान के दौरान तीन माह से एक साल की अवधि के सभी राजस्व प्रकरण अनिवार्य रूप से निराकृत करें। इसके लिए सभी राजस्व अधिकारी नियमित रूप से राजस्व न्यायालय में प्रकरणों की सुनवाई करें। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में लगभग 14 हजार किसानों की ई केवाईसी अपडेशन शेष है। सभी तहसीलदार पटवारियों के माध्यम से सात दिवस में शत-प्रतिशत अपडेशन कराएं। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि राजस्व महाअभियान में परिमार्जन से संबंधित सभी प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निराकरण करें। अविवादित बंटवारा तथा अविवादित नामांतरण के सभी प्रकरण निराकृत करें। दर्ज प्रकरणों की तुलना में अधिक निराकरण करने पर ही प्रगति दिखाई देगी। अभियान के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने मनिकवार वृत्त के प्रभारी अधिकारी को कारण बताओ नोटिस देने तथा नायब तहसीलदार अतरैला के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी राजस्व न्यायालयों को कम्प्यूटर आपरेटर की तत्काल व्यवस्था करें। सभी तहसील न्यायालयों का रोस्टर के अनुसार नियमित निरीक्षण करें। एसडीएम अपने अनुभाग में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण पर भी विशेष ध्यान दें। बैठक में कलेक्टर ने कानून व्यवस्था की निगरानी लोक सेवा गारण्टी योजना में प्रकरणों के निराकरण, लोक सेवा केन्द्रों के निरीक्षण के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले, सभी एसडीएम तथा तहसीलदार उपस्थित रहे।

## आवारा मवेशियों को अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्लाट में बनाया गया बंधक, हफ्तों से भूखे प्यासे मवेशी मरने की कगार पर प्रशासन मौन



**रीवा(पुष्पांजली टुडे)** ।चोरहटा में स्थित गुरुकुल स्कूल के पास वेयरहाउस के बगल में एक प्लाट के अंदर 50 मवेशियों को बंधक बनाया गया है प्लाट में मवेशियों को बंद कर गेट में ताला लगा दिया गया है। मवेशी हफ्तों से बंद हैं ना ही उन्हें खाना मिल रहा है और ना ही पानी, जिस कारण एक दो मवेशी मर भी चुके हैं और बाकी मरने की कगार पर हैं। मवेशियों की स्थिति देखकर लगता है कि जल्द ही सभी मवेशी भूख प्यास से मर जाएंगे, कहां है वह लोग जो गौ रक्षा की बात करते हैं क्या इन मवेशियों को बचाने वाला कोई नहीं है। कहां है अब बजरंग दल एवं प्रशासन जो इन मवेशियों को बचाएं।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों द्वारा सीएम हेल्पलाइन में शिकायत भी की गई एवं पुलिस को जानकारी भी दी गई लेकिन उल्टा पुलिस द्वारा ग्रामीणों पर ही गाय तस्करी का आरोप लगा दिया गया। अब आखिर इन मवेशियों को प्रशासन द्वारा बचाया जाएगा या फिर यह भूखे प्यासे ही मर जाएंगे।

## गुढ़ थाना प्रभारी विकास कपिस को स्थानांतरण पर दी गई विदाई

# बीती शाम गुढ़ थाना प्रभारी ने गुढ़ की कमान और दायित्व नवागत थाना प्रभारी शैल यादव को सौंपी

**रीवा(पुष्पांजली टुडे)।** गुढ़ थाना के थाना प्रभारी विकाश कपीश का स्थानांतरण गुढ़ थाना से गढ़ के लिए हो गया है। जिस पर थाना परिसर में उनका विदाई समारोह आयोजित हुआ पुलिस स्टाफ एवं क्षेत्रीय लोगों ने थाना परिसर में एक विदाई कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी लोगों ने विकास कापीस के कार्यकाल की सराहना की अपने कार्यकाल में आपराधिक तत्वों पर सख्त कार्यवाही की जिससे आसामाजिक तत्वों में भय का वातावरण निर्मित रहा। वही आम लोगों से सरलता से मिलते थे वह गरीबों की मदद करते रहे। इस दौरान



विकास कापीस ने कहा कि स्थानांतरण में जाना एक प्रशासनिक प्रक्रिया है। मेरी वर्दी लोगों को न्याय दिलाने एवं अपराधियों को सजा दिलाने के लिए सदेव कार्य करती रहेगी। मेरे पास जो जरूरतमंद आएंगे उनकी हर संभव मदद की जाएगी। वहां से विदाई होने के बाद गुढ़ थाना प्रभारी विकास कपिस आज रात्रि ही में गढ़ थाना में आमद देंगे कार्यक्रम के दौरान स्टाफ सहित क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे

नवागत थाना प्रभारी शैल यादव जी ने किया पदभार ग्रहण गुढ़ थाना के ए एस आई, प्रधान अरक्षक, अरक्षक, सैनिको के साथ साथ स्थानीय पत्रकारो ने किया स्वागत और विकाश कपीश जी के कार्यकाल की सफलता के लिए दी बधाई।

## बरेली/रायसेन, कलेक्टर श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार जिला कौशल विकास समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई।

जिसमें भारत सरकार की प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के जिले में क्रियान्वयन, नवीन शासकीय आईटीआई सिलवानी में नवीन व्यवसाय प्रारंभ करने सहित अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एमएल राठौरिया, महिला बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री दीपक संकत, शासकीय आईटीआई रायसेन के अधीक्षक श्री प्रदीप कुमार खातरकर सहित संबंधित अधिकारी शामिल हुए। बैठक में शासकीय आईटीआई रायसेन के अधीक्षक श्री प्रदीप कुमार खातरकर द्वारा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संबंध में बताया कि पारम्परिक कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता देने के लिये पी.एम. विश्वकर्मा योजना शुरू की गई है। योजना में टूल किट खरीदने के लिये 15 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा।

# रहुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम का गायन कर दिया जिला कांग्रेस ने धरना

**मुरैना!** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी जी के निर्देशानुसार आज जिला कांग्रेस एवं ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में एम.एस रोड़ स्थित बिजली घर के सामने गांधी बाल निकेतन मैरिज होम में गांधी जी की प्रतिमा के सामने महात्मा गांधी जी के द्वारा गाए गए गीत रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम का गायन कर शांति पूर्ण तरीके से कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा धरना दिया। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण मधुराज तोमर ने अपनी बात को रखते हुए कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मान. श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में भारत जोड़ों न्याय यात्रा 14 जनवरी से मणिपुर से प्रारंभ हुई है जो मणिपुर, नागालैंड, अरूणाचल की सफलतापूर्वक यात्रा कर चुके है और अब असम में प्रवेश किया है। लोगों के दिलों को छूने वाली यह यात्रा सफलतापूर्वक चल रही है । हमारे देश में युवाओं, महिलाओं और हाशिये पर पड़े लोगों के लिए न्याय (न्याय) की मांग करने के उद्देश्यों को लेकर की जा रही है। अफसोस की बात है, कि भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के इशारे पर भाजपा के सबसे भ्रष्ट असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा जो कि असम में इस शांतिपूर्ण न्याय यात्रा को बाधित करने की पूरजोर कोशिश कर रहे है। पिछले दो दिनों में भारत जोड़ों न्याय यात्रा के काफिलों पर सुनियोजित हमले और तोड़फोड़ की घटनाएं की गई है । इन उपद्रवियों द्वारा यात्रा के पोस्टरों को हटा दिया गया तथा जानबूझकर बीजेपी की भीड़ इकठ्ठा की गई ।और इसी क्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष शहर दीपक शर्मा ने कहा कि मान. श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में भारत जोड़ों न्याय यात्रा के काफिले पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया जिससे वे घायल हो गये। असम प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष सहित कांग्रेस पार्टी के नेताओं पर भाजपा समर्थित उपद्रवियों, गुण्डो द्वारा न्याय यात्रा पर हमला किया गया है यह उनकी हताशा के अलावा और कुछ नहीं है।

## संपादक की कलम से

### हमारा स्वतंत्रता संग्राम और लियो टालस्टाय

टालस्टाय ने गांधीजी को अपना अंतिम पत्र लिखते हुए कहा 'मनुष्य जाति के सारे अन्याय और मुसीबतें इसलिए पैदा हुई हैं कि प्रेम के नियम को लोगों ने ठुकरा दिया और उसके स्थान पर हिंसा का नियम ले आए हैं।' इस तरह हम देखते हैं कि टालस्टाय के द्वारा भारतीयों को लिखे इन पत्रों की सामयिकता आज भी बनी हुई है।

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में रूस के महान लेखक लियो टालस्टाय का भारतीय समाजसेवियों, पत्रकारों और लेखकों से विस्तृत पत्राचार का सम्बंध रहा है। टालस्टाय भारत से आने वाले पत्रों को गंभीरता से लेते थे और प्रायः हर पत्र का उत्तर भी देते थे। उन्हें पत्र लिखने वालों में मद्रास के प्रसिद्ध नेता और पत्रकार ए. रामशेषन थे जो लोकप्रिय सामाजिक-राजनैतिक समाचार पत्र 'दि आर्यन' प्रकाशित करते थे। उन्होंने एक पत्र में टालस्टाय को लिखा - 'हमारा देश एक मँहगी सरकार के अमले के कारण दिन-ब-दिन दरिद्र होता जा रहा है। विदेशी पूंजीपति यहां की सम्पत्ति बाहर ले जा रहे हैं। परिणाम यह है कि निरन्तर अकाल पड़ते जाते हैं।'

टालस्टाय ने रामशेषन के इस पत्र में रूचि दिखाई और 25 जुलाई 1901 को एक लम्बा उत्तर दिया। उन्होंने लिखा- 'कोई भी समाज या जनसमूह जो हिंसा पर आधारित हो, न केवल आदिम अवस्था में है, पर बड़ी खतरनाक अवस्था में भी है।' इस पत्र में टालस्टाय ने भारत के ऐतिहासिक विकास की चर्चा करते हुए भारतीयों को सुझाव दिया कि 'इसी तरह चलता रहेगा, जब तक तुम्हारे लोग सिपाही बनकर काम करते रहेंगे। तुम्हें अंग्रेजों के हिंसक शासन में सहायता नहीं देनी चाहिए और हिंसा पर आधारित सरकार में किसी प्रकार से भाग नहीं लेना चाहिए।'

टालस्टाय के साथ जिन अन्य भारतीय लेखकों ने पत्र-व्यवहार किया उनमें दार्शनिक बाबा प्रेमानंद भारती प्रमुख थे। वे विवेकानन्द के शिष्य थे और 1902 में अमेरिका चले गए थे। वे लास ऐंजेल्स से 'द लाईट आफ एशिया' नामक पत्र निकालते थे।

मद्रास के प्रसिद्ध वकील और पत्रकार डॉ. गोपाल चेट्टी ने भी टालस्टाय के साथ वर्षों पत्र व्यवहार किया था। उनसे पत्र व्यवहार करने वालों में प्रोफेसर रामदेव, लेखक अब्दुल्ला अल-मामू सुहारावर्दी, आरएम दासशर्मा, दार्शनिक एसआर चित्ताल, कलकत्ता की पत्रिका की संपादक मिनी राबिन्सन और मद्रास के सामाजिक कार्यकर्ता वैद्यनाथ आदि प्रमुख थे।

टालस्टाय के रूसी जारशाही के मूल्यों के खिलाफ 'मैं चुप नहीं रह सकता' के प्रकाशन के बाद उन्हें आने वाले पत्रों का तांता लग गया। जून 1908 में तारकनाथ मेहता ने एक पत्र और अपनी पत्रिका 'फ्री हिन्दुस्तान' के अंक टालस्टाय को भेजे थे। इसका उल्लेख टालस्टाय ने अपनी डायरी में किया है। टालस्टाय ने तारकनाथ मेहता को भारत में उपनिवेशवाद के परिणामों को लेकर और सामग्री भेजने का भी लिखा था।

तारकनाथ ने टालस्टाय को अपने पत्र में बताया कि 'यदि कोई भारतीय अंग्रेजों से न्याय की भिक्षा मांगता है तो उसे एकदम राजद्रोही कह दिया जाता है और उसे जेल में डाल देते हैं या उसे देश निकाला दे दिया जाता है। तिलक जैसे व्यक्ति पर, जो राष्ट्रीय आन्दोलन के नेता थे, विद्रोह उकसाने का इलजाम लगाया गया और छह बरस के लिए उन्हें निर्वासित कर दिया गया।' उन्होंने यह भी लिखा कि 'भारत गोरों के लिए स्वर्ग है पर भारतीयों के लिए नरक। हमारे लिए एक ही मार्ग बचा है कि हम आप जैसे लोगों का ध्यान आकृष्ट करें, जो सारी दुनिया के सामने अंग्रेजों का पदार्फाश कर सकें और इस तरह से उन पर अपना प्रभाव डाल सकें।'

टालस्टाय ने 14 दिसम्बर 1908 को तारकनाथ को 'ए लेटर टू ए हिन्दू' नामक पत्र लिखा। यह पत्र शीघ्र ही अनुवादित होकर 'स्वतंत्रता संग्राम' का प्रेरणा-स्त्रोत बन गया। वे इस पत्र में कहते हैं कि 'गुलामी भारत में विचित्र जान पड़ती है, चूंकि यहां बीस करोड़ लोग हैं जिनकी आध्यात्मिक और शारीरिक शक्ति बहुत ऊंची है, फिर भी वे ऐसे मुीभर लोगों की आधीनता मानते हैं, जो उनसे धार्मिक नैतिकता में कहीं अधिक नीचे हैं।' रोम्या रोलॉ ने लिखा है कि टालस्टाय के 'ए लेटर टू ए हिन्दू' ने सारी दुनिया में उपनिवेशवादी गुलामी को जबरदस्त टक्कर दी। भारत और अन्य देशों की उपनिवेशवादी सरकारों ने 'ए लेटर टू ए हिन्दू' को जब्त किया और इसे सीधे विद्रोह भड़काने वाले अन्य साहित्य के समकक्ष माना। यह पत्र दुनिया की क्रान्तिकारी पत्र-पत्रिकाओं का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज बन गया था।

गांधी जी जब इंग्लैंड में वकालत पढ़ रहे थे उस समय 1889 में 'फ्रांसीसी क्रान्ति' की शताब्दी के अवसर पर फ्रांस के 'ऐफिल टावर' पर एक भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम को टालस्टाय संबोधित करने वाले थे। उन्हें सुनने के लिए गांधीजी भी लन्दन से पेरिस पहुंचे थे। टालस्टाय ने आधुनिक सभ्यता को हिंसक, बनावटी, मुनाफाखोर और मानवता के लिए घातक करार दिया। गांधीजी इस भाषण को सुन टालस्टाय से बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका पहुंचकर टालस्टाय के साहित्य का गंभीर अध्ययन किया। महात्मा गांधी का टालस्टाय के साथ पत्र-व्यवहार किन परिस्थितियों में शुरू हुआ था इसका उल्लेख गांधीजी ने अपनी आत्मकथात्मक पुस्तक 'दक्षिण अफ्रीका में सत्याग्रह' में किया है। गांधीजी टालस्टाय की 'स्वर्ग का राज्य तुम्हारे भीतर है' पुस्तक एवं 'पुनर्जागरण' उपन्यास से काफी प्रभावित थे।

### गणतंत्र दिवस में नवीन संकल्पों के साथ उत्तरदायित्वों को निर्वहन करने की शपथ लेनी होगी

26 जनवरी गणतंत्र दिवस देश के लिए गौरव साली दिवस है। आप सभी को अनंत बधाइयां एवं शुभकामनाएं। इस अवसर पर हमें नवीन संकल्पों के साथ नए-नए विकास और उत्थान के संकल्पों निर्वाहन की शपथ भी लेनी होगी। तब जाकर गणतंत्र दिवस मनाने की सार्थकता प्रमाणित हो पाएगी। आज ही के दिन स्वतंत्रता प्राप्ति के लगभग ढाई वर्ष बाद इसी ऐतिहासिक तिथि 26 जनवरी 1950 को स्वतंत्र भारत का संविधान लागू किया गया था। और भारत के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ राजेंद्र प्रसाद जी ने प्रथम राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी।

तत्कालीन वायसराय राजगोपालाचारी जी ने विधिवत रूप से अपने समस्त अधिकार हस्तगत किए थे। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और महत्वपूर्ण सहयोगियों के द्वारा निर्मित भारत के संविधान को जारी करते हुए ही भारत प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य बन गया था। गणतंत्र का अर्थ ऐसी शासन व्यवस्था से है जिसमें सत्ता जनसाधारण में समाहित है। वैसे तो हमें 15 अगस्त 1945 को ही अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी, किंतु इस स्वतंत्रता को वास्तविक अर्थ देते हुए प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य राष्ट्र घोषित 26 जनवरी 1950 को ही किया गया था। निसंदेह हैं यह हमारे लिए गौरवशाली दिवस है, एवं राष्ट्रीय पर्व भी है। इस दिन प्रत्येक भारतीय को देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने का दिवस है। इस दिन हम सब को समझना होगा की आजादी खून बहा कर प्राप्त हुई है आसानी से नहीं मिली है। आजादी प्राप्त करने के लिए हजारों लाखों लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। प्राणों को न्यौछावर करने के बाद ही हमें प्रभुसत्ता संपन्न गणराज्य के रूप में में स्थापना मिली है। क्या भारतवासी हम सब आजादी के इस मूल्य और गणतंत्र या लोकतंत्र की भावना को अच्छे से समझते हैं, और इस राष्ट्र के विकास तथा देश का वैश्विक स्तर पर सिर ऊंचा करने का प्रयास कर रहे हैं, यह एक वैचारिक प्रश्न है।

क्या हम लोकतंत्र और लोकतांत्रिक व्यवस्था की बारीकियों को समझते हैं या जिस आजादी की फिजा में हम सांस ले रहे हैं उसके महत्व को कितना समझ रहे हैं, एवं उसके प्रति कितनी श्रद्धा है। आजादी वीर जवानों के संघर्षों की ही देन है। हमारा गणराज्य या भारतीय लोकतंत्र हमेशा सलामत रहे। हमारे देश की सेना के वीर जवान सीमा पर सर्दी गर्मी लूट एवं अनेक विपरीत परिस्थितियों को सहते हुए भी हर पल दुश्मनों पर केवल इसलिए नजर रखते हैं कि हमारा गणतंत्र एवं हमारा लोकतांत्रिक गणराज्य सुरक्षित रह सके। हमें भी अपनी स्वतंत्रता एवं अखंडता को बनाए रखने के लिए संकल्प लेते हुए देश के विकास में हरसंभव योगदान देना चाहिए। महान संत रामतीर्थ ने कहा था कि "राष्ट्र के हित की रक्षा के लिए प्रयत्न करना विश्व की शक्तियों का यानी देवताओं की आराधना करना ही है"।

राष्ट्रीय एकता का यह पर्व हम सबको एवं सभी धर्मों को मिलजुल कर रहने एवं प्रेम भाईचारे का संदेश देता है। हमें हर संभव देश के स्वतंत्रता ,अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने की शपथ लेनी चाहिए। हमें इस गणतंत्र दिवस पर नए संकल्प यानी नारी शक्ति की आराधना, बालिकाओं के समग्र विकास की परिकल्पना देश की हर संभव विकास की संभावनाओं को अग्रसर करना एवं सांप्रदायिक सौहार्द शांति अमन बनाए रखने में हर संभव एकजुट रहना होगा।

# नीतिश की चालों से इंडिया गठबंधन को झटका

अब लगभग यह तय हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विपक्षी दलों एवं उनके नेताओं के द्वारा हल्के में लेने की स्थितियां उनके लिये कितनी भारी हो सकती है। दूसरा भारत की राजनीति में भाजपा अगर कुछ करने की ठान लेती है तो वह उसे पूरा करती ही है। बिहार में सत्ता का समीकरण बदलना इसी बात का द्योतक है। बिहार में जारी सियासी उथलपुलथ के बीच आरजेडी के राज्यसभा सांसद अहमद अशफाक ने बड़ा ऐलान करते हुए आखिर कह ही दिया है कि अब जेडीयू और आरजेडी का रिश्ता टूट गया है। इस बात के प्रबल संकेत मिल रहे हैं कि मुख्यमंत्री और जेडीयू नेता नीतीश कुमार ने आरजेडी से अलग होने का फैसला कर लिया है। अगर ऐसा हुआ तो बिहार में न केवल महागठबंधन की सरकार गिर जाएगी बल्कि इंडिया महागठबंधन में भी दरारे पड़ जायेगी। यह भी संभावनाएं व्यक्त की जा रही है कि इसके बाद नीतीश एक बार फिर भाजपा के साथ मिलकर बिहार में सरकार बना सकते हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा की रणनीति का यह एक बड़ा दांव सफल होता हुआ दिख रहा है। वैसे भाजपा एवं जेडीयू नेता नीतीश कुमार के बीच भीतर-ही-भीतर यह कीचड़ी विगत कुछ समय से पक रही थी। इसका पहला ठोस संकेत जननायक कपूरी ठाकुर को भारत रत्न दिये जाने की घोषणा पर उनके द्वारा पहले भाजपा सरकार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिये धन्यवाद से सामने आया। दूसरा बड़ा संकेत कपूरी ठाकुर की सौवीं जयंती के मौके पर आ?ोजित समारोह में नीतीश कुमार ने तंज कस कर कि आजकल बहुत से लोग अपने परिवार के सदस्यों को ही आगे बढ़ाने में लगे रहते हैं, इस रूप में सामने आया। इसे सीधे तौर पर लालू प्रसाद यादव पर हमला माना गया, जिनकी पार्टी के साथ




वह बिहार में सरकार चला रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम के बाद से राजद और जदयू के बीच गहरी खाई बन गई है। लालू-तेजस्वी से नीतीश की बातचीत बंद चल रही है। वहीं महगठबंधन के सहयोगी दल भी सकते में आ गये हैं। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के खिलाफ बिखरे हुए विपक्ष को एकजुट करने की कवायद करने वाले नीतीश कुमार ही रहे हैं। नीतीश कुमार ने ही पिछले साल जून में पटना में विपक्षी दलों की महाजुटान की थी। उनकी पहल पर ही विपक्ष के तमाम दल मतभेदों के बावजूद एक प्लेटफॉर्म पर आने को तैयार हुए ताकि लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ ज्यादा से ज्यादा सीटों पर विपक्ष की तरफ से साझा उम्मीदवार उतारा जा सके। लेकिन जब चुनाव एकदम सिर पर आ गया तो नीतीश कुमार ही पाला बदलने जा रहे। तिनका-तिनका जोड़कर विपक्षी एकजुटता का ताना-बाना तैयार करने वाले जेडीयू चीफ ऐन वक्त पर खुद ही गठबंधन से दूर होने जा रहे हैं। ये विपक्षी इंडिया गठबंधन के लिए बहुत बड़ा आघात है।

लोकसभा चुनाव में अब दो-ढाई महीने का समय ही शेष हैं। भाजपा हर हालात में नरेंद्र मोदी को ही तीसरी बार सत्ता के सिंहासन पर बैठाना चाहती है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर से पैदा हुई हिंदुत्व लहर पर सवार भाजपा जाति को साधने में भी पीछे नहीं है। कपूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का ऐलान हो चुका है। दलितों को लुभाने के लिए बड़ा अभियान शुरू करने का प्लान भी तैयार हो चुका है। दूसरी तरफ विपक्ष खासकर उसके सबसे बड़ा गठबंधन इंडिया की नजर हर हाल में मोदी के विजय रथ को रोकने पर है। लेकिन लगभग टूट एवं बिखर चुके इंडिया किस तरह मोदी रथ को रोक पायेंगी? क्योंकि लोकसभा चुनाव से पहले ही इंडिया गठबंधन हांफने लगा है। नीतीश कुमार का पाला पाला बदलना वैसे ही है जैसे युद्ध शुरू होने से ऐन पहले सारथी ही पाला बदल ले। गठबंधन के नीतीश ही नहीं, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल भी कांग्रेस को आंख दिखा रहे हैं, जिससे गठबंधन की गाड़ी आगे सरकती नजर नहीं आ रही है। गठबंधन के भविष्य पर सवालिया निशान ही नहीं, ग्रहण लग गया है। बिहार की उठापटक एवं बदलते राजनीतिक समीकरणों का सीधा लाभ भाजपा को मिलेगा। बिहार में 40 लोकसभा सीटें हैं। अगर नीतीश कुमार भाजपा से मिलकर एनडीए गठबंधन का हिस्सा बनते हैं तो इनमें से अधिकाधिक लोकसभा सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत की संभावना अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाएगी। बिहार में नीतिश की इसी भूमिका के कारण ही इंडिया गठबंधन में उनकी सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रही थी। विपक्षी दलों के बीच गठबंधन कर-के ज्यादा से ज्यादा सीटों पर एनडीए के खिलाफ साझा प्रत्याशी खड़ा करने का यह पूरा प्रयास नीतीश कुमार की ही पहल पर शुरू हुआ था। ऐसे में उनके जाने के बाद यह प्रक्रिया किस तरह से और कितनी आगे बढ़ेगी, इस पर संदेह के बादल मंडरा रहे हैं।

राजनीति में जब नीति गायब होने लगती है तो बेमेल गठबंधनों के बनते एवं बिखरते के दृश्य देखने को मिलते हैं और, इस बुराई के लिए कमोबेश सभी राजनीतिक दल समान रूप से जिम्मेदार हैं। देखा जाए तो सबकी नजर में 2024 का लोकसभा चुनाव है जहां 40 सीटों वाले बिहार की भूमिका को अहम मानते हुए अभी सारे दांव-पेंच वहीं चल रहे हैं। बिहार में नया सियासी समीकरण कितना बदलाव लाएगा, यह भविष्य ही बताएगा। ऐसे में लंबे समय से कयास लगाए जा रहे थे कि नीतीश कुमार कभी भी भाजपा का हाथ थाम सकते हैं। वैसे भी अब नीतिश की छवि अवसरवादी नेता की हो गयी है। दरअसल यह अवसरवादिता और मौकापरस्ती की हद है जिसका राजनीति में प्रतिकार होना चाहिए। वास्तव में बिहार का ही सबसे बड़ा दुर्भाग्य है कि इस राज्य में जातिवादी और परिवारवादी राजनीति ने इस प्रदेश की जनता के मौलिक अधिकारों से उनको वंचित किये हुए हैं और इस प्रांत के लोगों को भारत का सबसे गरीब आदमी बनाया हुआ है। जबकि बिहारियों का भारत के सर्वांगीण विकास में योगदान कम नहीं हैं, सबसे अधिक मेहनती एवं बुद्धिजीवी लोग यही से आते हैं। लेकिन दूषित राजनीति की कालिमाएं यहां के धवलित इतिहास को धुंधलाती रही है। यहां की राजनीति की सत्तालोलुपता एवं भ्रष्टता लोकतांत्रिक मूल्यों को ध्वस्त करती रही है। जबकि प्रामाणिकता एवं सिद्धान्तवादिता राजनीतिक क्षेत्र में सिर का तिलक है और अप्रामाणिकता एवं अवसरवादिता मृत्यु का पर्याय होती है। आवश्यकता है, राजनीति के क्षेत्र में जब हम जन मुखातिब हों तो प्रामाणिकता का बिल्ला हमारे सीने पर हो। उसे घर पर रखकर न आएं। राजनीति के क्षेत्र में हमारा कुर्ता कबीर की चादर हो। नीतीश बाबू ने जिस महागठबन्धन को बनाया, बनने के साथ ही उसकी उल्टी गिनती शुरू हो गयी थी। अब तो खुद सारथि ही अपना पाला बदल रहा है।

आजादी के अमृतकाल के पहले लोकसभा चुनाव की आहट अब साफ-साफ सुनाई दे रही है। भारत के सभी राजनीतिक दल अब पूरी तरह चुनावी मुद्रा में आ गये हैं और प्रत्येक प्रमुख राजनैतिक दल इसी के अनुरूप बिछ रही चुनावी बिसात में अपनी गोटियां सजाने में लगे हैं। टुकड़े-टुकड़े बिखरे कुछ दल फेवीकॉल लगाकर इंडिया गठबंधन की छतरी के नीचे आये जरूर, लेकिन सीटों के बंटवारे एवं अन्य मुद्दों पर अब बिखर चुके हैं। सत्ता तक पहुँचने के लिए कुछ दल परिवर्तन को आकर्षक व आवश्यकता बता रहे थे, तो कुछ प्रमुख दलों के नेता स्वयं को प्रधानमंत्री की कुर्सी पर देख रहे थे, लेकिन सबके सपनों पर ग्रहण लग गया। विपक्षी दल येन-केन-प्रकारेण भाजपा को सत्ता से बाहर करने में जुटे भले ही हो, लेकिन भाजपा ने चुनाव से पहले ही उनको उनकी जमीन दिखा दी है। भाजपा पूर्ण आत्मविश्वास एवं प्रखरता के साथ आगे बढ़ रही है, जिन राज्यों में उसके लिये चुनौतियां अधिक प्रखर है, उन्हीं राज्यों में वह समग्रता एवं एकाग्रता से अपनी रणनीतियों को अंजाम दे रही है, बिहार भी उन्हीं में एक था। भाजपा की सबसे बड़ी विशेषता है कि वह अपनी हर चुनौती के कारणों को बड़ी गहराई से लेते हुए उन कारणों को समझने एवं चुनौतियों को संभावनाओं में बदलने के गणित को बिठाने में माहिर है।

**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**
**फोनः 22727486, 9811051133**

# आओ जल संग्रहण प्रबंधन और उपयोग दक्षता पर स्वतः संज्ञान लेकर जन-भागीदारी बढ़ाएं

**गोंदिया-** वैश्विक स्तर पर कई वर्षों से अंतरराष्ट्रीय मंचों और दुनियां के अलग-अलग देश में अलग अलग मंचों से जल ही जीवन है सहित अनेको स्लोगन देकर विश्व के हर नागरिक को पीने के पानी और उसके स्रोतों की स्थिरता में विशेष सहयोग की अपील की जाती है।हर देश के नागरिकों को स्वतः संज्ञान लेकर अपने आप एक्शन होकर यह जनजागरण फैलाना चाहिए कि आओ जल संग्रहण प्रबंधन और उपयोग दक्षता पर ध्यान देकर उसमें सहयोग देने जन भागीदारी बढ़ाएं।भारत में अभी हाल ही में देश की जल सुरक्षा को मजबूत करने वाटर विजन @ 2047 द अहेड विषय पर अखिल भारतीय सचिव ऑन का सम्मेलन चेन्नई में किया गया,जहां 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 30 सचिवों और उनके अनेक प्रतिनिधियों ने भाग लिए और 5, 6 जनवरी 2023 को भोपाल में आयोजित हुआ था।देश की जल सुरक्षा को मजबूत करने के प्रमुख उद्देश्य के साथ 'वॉटर विजन@ 2047- वे अहैड विषय पर अखिल भारतीय सचिवों का दो दिवसीय सम्मेलन' कल महाबलीपुरम, चेन्नई में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में 32 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों, 30 सचिवों और 300 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया और 5 और 6 जनवरी 2023 को भोपाल, मध्य प्रदेश में आयोजित जल पर राज्य मंत्रियों के प्रथम अखिल भारतीय वार्षिक सम्मेलन की 22 सिफारिशों पर अपनी सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों और कार्यों को साझा किया।उक्त 22 सिफारिशों में पीने के पानी और उसके स्रोत की स्थिरता को प्राथमिकता देना, जलवायु लचीलेपन की ?यवस्?था करना, मांग और आपूर्ति दोनों पक्षों का प्रबंधन, बड़े और छोटे दोनों स्तरों पर जल भंडारण को बढ़ाना, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का अनुप्रयोग, जल उपयोग की दक्षता बढ़ाना, हर स्तर पर जल संरक्षण कार्यक्रमों को तेज करना, नदियों को आपस में जोड़ने को प्रोत्साहित करना, नदी के स्वास्थ्य की निगरानी करना और पर्यावरणीय प्रवाह को बनाए रखना, उचित बाढ़ प्रबंधन उपाय करना और इन सभी कार्यों में लोगों की बढ़ी हुई भागीदारी शामिल करना शामिल है। यह सम्मेलन कार्रवाई में तेजी लाने के लिए इन



सिफारिशों पर अमल करता है। हमारा करता है इसलिए आज हम मीडिया व पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे पीने के पानी और उसके स्रोतों की स्थिति में जन भागीदारी होना समय की मांग है। साथियों बात अगर हम पृथ्वी पर जीवन जीने के लिए जल केमहत्व की करें तो, जल है तो कल है, बावजूद इसके जल बेवजह बर्बाद किया जाता है।हमें यह नहींभूलना चाहिए कि जल संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। हम हमेशा से सुनते आये हैं जल ही जीवन है। जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती, जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिये जल की आवश्यकता होती है। पृथ्वी पर उपलब्ध एक बहुमुल्य संसाधन है जल, या यूं कहें कि यही सभी सजीवो के जीने का आधार है जल। धरती का लगभग तीन चौथाई भाग जल से घिरा हुआ है, किन्तु इसमें से 97 प्रतिशत पानी खारा है जो पीने योग्य नहीं है, पीने योग्य पानी की मात्रा सिर्फ 3 प्रतिशत है। इसमें भी 2 प्रतिशत पानी ग्लेशियर एवं बर्फ के रूप में है। इस प्रकार सही मायने में मात्र 1 प्रतिशत पानी ही मानव के उपयोग हेतु उपलब्ध है।नगरीकरण और औद्योगिकीरण की तीव्र गति व बढ़ता प्रदूषण तथा जनसंख्या में लगातार वृद्धि के साथ प्रत्येक व्यक्ति के लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती है। जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है देश के कई हिस्सों में पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर रही है। प्रतिवर्ष यह समस्या पहले के मुकाबले और बढ़ती जाती है, लेकिन हम हमेशा यही सोचते हैं बस जैसे तैसे गर्मी का सीजन निकाल जाये बारिश आते ही पानी की समस्या दूर हो जायेगी और यह सोचकर जल सरंक्षण के प्रति बेरुखी अपनाये रहते हैं।

साथियों बात अगर हम चेन्नई में आयोजित वाटर विजन एट द रेट ऑफ 2047 वे अहेड की करें तो, इस सम्मेलन को जल प्रबंधन के क्षेत्र में पाँच विषयगत सत्रों में विभाजित किया गया थासम्मेलन के पहले दिन में दो विषयगत सत्र यानी जलवायु लचीलापन और नदी स्वास्थ्य और जल प्रशासन शामिल थे। इसके अलावा मंत्रिस्तरीय सत्र भी हुआ, जिसकी अध्यक्षता भारत सरकार के माननीय जल शक्ति मंत्री ने की। माननीय मंत्री ने समुदायों और पर्यावरण की भलाई के लिए पानी के स्थायी प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए सहयोग और नवाचार की सख्त जरूरतों पर जोर दिया।

उन्होंने देश में जल सुरक्षा के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए केंद्र-राज्य साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। सम्मेलन के दूसरे दिन के कार्यक्रम सम्मेलन के दूसरे दिन जल उपयोग दक्षता, जल भंडारण और प्रबंधन और लोगों की भागीदारी/जनभागीदारी' पर तीन विषयगत सत्रों को शामि ल किया गया।सम्मेलन की संक्षिप्त रिपोर्ट और महत्वपूर्ण बातें सुश्री अर्चना वर्मा, एएस एवं एमडी, राष्ट्रीय जल मिशन द्वारा प्रस्तुत की गईं।अपनी प्रस्तुति में, उन्होंने विषयगत सत्रों से प्राप्त निष्कर्षों के बारे में विस्तार से बताया जो इस प्रकार हैं:जलवायु लचीलापन और नदी स्वास्थ्य जलवायु परिवर्तन के कारण बार-बार बाढ़ और सूखा जैसी भयंकर घटनाएं होंगी;जलवायु के अनुकूल बुनियादी ढांचे की आवश्यकता - भंडारण, नदियों को आपस में जोड़ना, तलछट प्रबंधन गैर-संरचनात्मक उपाय जैसे बाढ़ मैदान जोनिंग, प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली आदि संरचनात्मक उपायों के समान ही महत्वपूर्ण हैं;नदी के अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रवाह, पानी की गुणवत्ता बनाए रखी जाएगी;लघु मध्यम और दीर्घकालिक मौसम की भविष्यवाणी और जल संसाधनों पर इसके प्रभाव के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग।जल अधिकारप्रत्येक राज्य के लिए जल संसाधन नियामक प्राधिकरण गठित करना आवश्यक;राष्ट्रीय जल नीति की तर्ज पर बनाई जाएगी राज्य जल नीति;देश के प्रत्येक नदी बेसिन के लिए नदी बेसिन योजना का विकास;एनडब्ल्यूआईसी के साथ जोड़कर राज्य जल सूचना विज्ञान केंद्र की स्थापना;राज्यों द्वारा तर्कसंगत जल टैरिफ तंत्र विकसित किया जाएगा;उपचारित अपशिष्ट जल के सुरक्षित पुनः उपयोग के लिए राज्यों द्वारा अपनाई जाने वाली रूपरेखा।जल उपयोग दक्षतामौजूदा परियोजनाओं का कुशल उपयोग उतना ही महत्वपूर्ण है जितना नई परियोजनाओं का विकास;सूक्ष्म सिंचाई का उपयोग करने और आईपीसी-आईपीयू अंतर को कम करने के लिए किए जाने वाले प्रयास;राज्य जल लेखांकन और बेंचमार्किंग पहल में अपनी रुचि दिखा सकते हैं,विभिन्न पहलों के माध्यम से छोटी-बड़ी सिंचाई के बीच अभिसरण;पाइप सिंचाई नेटवर्क के साथ-साथ आधुनिकीकरण पर जोर दिया जाएगा;महत्वपूर्ण फसल पैटर्न परिवर्तन अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहन;भारत सरकार सीएडीडब?ल?यूएम योजना सुधारों पर काम में तेजी ला सकती है।जल संग्रहण एवं प्रबंधबड़ी और छोटी भंडारण परियोजनाओं के माध्यम से भंडारण में वृद्धि;नियमित ड्रेजिंग और अन्य ओ एंड एम उपाय कुशलतापूर्वक किए जाने चाहिए।

तलछट प्रबंधन के लिए जलग्रहण क्षेत्र उपचार;बफर भंडारण टैंक, बर्फ की कटाई, भूमि सुधार, बंजर भूमि का उपयोग आदि जैसे हस्तक्षेपों को बढ़ावा दिया जाएगा;भूजल का कृत्रिम पुनर्भरण बड़े पैमाने पर किया जाएगा;लोगों की भागीदारी जनभागीदारी जल उपयोगकर्ता संघों के माध्यम से किसानों को सशक्त बनाना और उन्हें जल प्रबंधन में शामिल करना, पीआरआई के माध्यम से मुख्यधारा के सामुदायिक जुड़ाव के प्रयास किए जाएंगे;हर स्तर पर हितधारकों की भागीदारी और क्षमता निर्माण समय की मांग है;नए विचार और युवा ऊर्जा के लिए युवा दिमागोंको जनआंदलन में शामिल किया जाएगा।

# डॉक्टर की तरह फैमिली फार्मर बनाना होगा

**- बाबा मायाराम**

बीजोत्सव ने कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर लोगों का ध्यान खींचा है। इससे एक तरफ बिना रासायनिक खेती से परंपरागत बीजों, मिट्टी-पानी का संरक्षण-संवर्धन हो रहा है व - जैव विविधता व पर्यावरण का संरक्षण हो रहा है, तो दूसरी तरफ किसान और उपभोक्ताओं के बीच सीधा संबंध बन रहा है, जिससे खेती में बिचौलियों की भूमिका कम हो रही है और किसानों को उनकी फसलों का वाजिब दाम मिल रहा है।

कुछ समय पहले महाराष्ट्र के नागपुर में देसी अनाजों के बीजोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें कई किसान उनके जैविक उत्पाद को बिक्री के लिए आए हुए थे। जैविक खेती पर चर्चा व संगोष्ठियां हुईं। इसमें कई राज्यों के लोगों ने बड़ी संख्या में शिरकत की।

मुझे इस कार्यक्रम के आयोजकों में से एक बसंत फुटाणे ने आमंत्रित किया था। इस मौके पर जैव विविधता प्रदर्शनी भी लगाई गई थी, जिसमें जैविक उत्पादों के अलावा, खादी और सूती कपास के कपड़े और देसी बीजों की कई प्रजातियां प्रदर्शित की गई थीं।

गर्मी के कारण अम्बाड़ी के शरबत को काफी पसंद किया गया था। इसके साथ ही जैविक उत्पाद से बने स्वादिष्ट व्यंजन व भोजन आकर्षण के केन्द्र रहे। जिसमें महुआ के गुलगुले, खीर, सूरन के पकोड़े, गुड़ की जलेबी, और देसी चावल व आम की कढ़ी और ज्वार की रोटी इत्यादि शामिल थे।

बीजोत्सव के बारे में किसान अनंत भोयर बताते हैं कि इसकी शुरूआत वर्ष 2013 से हुई थी। उन्होंने बताया कि बीजोत्सव की शुरूआत किसानों की खुदकुशी की खबरों से चिंतित होकर की गई थी। यवतमाल जिले में कपास की खेती होती है, जहां से किसानों की खुदकुशी की खबरें लगातार आ रही थीं। वहां जैव तकनीक से तैयार बीटी कॉटन होता है। अधिकांश किसान बैंक से कर्ज लेकर खेती करते हैं और कर्ज के बोझ तले दबकर ही जान दे रहे थे।

वे आगे बताते हैं कि इस सबके मद्देनजर जैविक खेती से जुड़े किसानों व कार्यकताओं को लग रहा था कि हमें मिलकर कुछ करना चाहिए। विचार-विमर्श के बाद यह सोच बनी कि रासायनिक खेती के विकल्प के रूप में जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। तभी से बीजोत्सव के आयोजन का सिलसिला चल रहा है।

बीजोत्सव में सुरक्षित व पौष्टिक खान-पान पर जोर दिया जाता है। इसके साथ ही, देसी बीजों की गोबर खाद व हल-बैल वाली जैविक खेती को बढ़ावा देते हैं। खेती को पशुपालन से जोड़ने की सोच रखते हैं,जिससे मिट्टी को गोबर खाद से उर्वर बनाया जाए और दूध-घी से भोजन में पौष्टिकता भी बढ़े। किसानों की समस्याएं समझने की कोशिश करते हैं, इस पर गोष्ठियां व संवाद करने के प्रयास करते हैं। नए छोटे किसानों को भी इस प्रक्रिया से जोड़ते हैं। संकर बीजों और जैव तकनीक से तैयार (जेनिटिकली मोडीफाइड) के नुकसान के बारे में बात करते हैं।

बीजोत्सव के आयोजन से जुड़े बसंत फुटाणे कहते हैं कि जिस तरह हर परिवार का एक फैमिली डॉक्टर होता है, उसी तरह हर परिवार का एक फैमिली फार्मर होना चाहिए, जिससे उपभोक्ताओं व किसानों का संबंध बने और उपभोक्ता भी सुरक्षित अनाज के बारे में जागरूक हों। अगर उपभोक्ता व किसान में मानवीय रिश्ता बनेगा तो किसान को उत्पाद का उचित दाम मिलेगा और उपभोक्ता भी वाजिब दाम में पौष्टिक अनाज पाएगा।

वर्धा जिले के बावापुर गांव के दीपक बरडे ने बताया कि वे ज्वार गनेरी, दुधी कोडा, पीली ज्वार, तुअर ( सफेद, लाल), अलसी, मूंग, बंसी गेहूं, बैंगन, डांगरबारूक, दोडका (फल्ली), खडसेंग, करेला, बरबटी, चावरी, पालक, धनिया, हदगा, काकड़ी इत्यादि की खेती करते हैं।

दीपक बरड़े बतलाते हैं कि उनका गांव बहुत छोटा है। 85 घरों के गांव में करीब 300 आबादी है। पहले वहां संकर बीजों की खेती होती थी। जिससे कैंसर, बीपी और शुगर के मरीज ज्यादा होने लगे थे। इसके बाद वर्ष 1970 से उन्होंने उनके पिताजी के साथ परंपरागत खेती करना शुरू किया था। परंपरागत बीजों के साथ परंपरागत ज्ञान भी जुड़ा है।

उन्होंने बताया वे पूरी तरह स्वावलंबी हैं। उनका परिवार बाहर से नमक के अलावा कुछ भी नहीं खरीदता। मूंगफली से तेल मिल जाता है। खेत की अलसी से भी तेल मिल जाता है। देसी कपास हम वर्धा के ग्राम सेवा मंडल को देते हैं और उसके बदले में वहां से कपड़े ले लेते हैं।

# रन्नौद थाना पुलिस ने की बड़ी कार्यबाही

संवाददाता प्रदीप जैन (पिंटू) रन्नौद एक टाटा इंडिगो कार क्र. यूपी 93 एक्स 1024 की डिग्गी में से देशी मदिरा मसाला की 10 पेटी मय इंडिगो कार क्र. यूपी 93 एक्स 1024 के जप्त किया गया एवं आरोपी अजय यादव के कब्जे से दो थैलों में कुल 350 क्वाटर देशी प्लेन शराब कीमती 28,000 रूपये मय मोटरसाइकल के जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री रघुवंश सिंह भदौरिया एवं श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी श्री संजीव मुले के निर्देशन में , श्रीमान एसडीओपी महोदय कोलारस श्री विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन मे दिनाँक 29.01.2024 को रात्रि गस्त के दौरान ग्राम अकाझिरी में मुखविर द्वारा सूचना मिली कि एक सफेद रंग की इंडिगो कार जिसका नंबर यूपी 93 एक्स 1024 है जिसमें देशी मदिरा मसाला शराब की पेटियाँ भरी है जो मोहम्मदपुर से अकाझिरी तरफ को आ रही है । मुखविर सूचना की तस्दीक हेतु ग्राम करोंदी आदिवासी बस्ती मे रोड पर चेकिंग प्रारम्भ की तो करीब दस मिनट बाद मोहम्मदपुर तरफ से एक वाहन आता दिखा जिसे रोकने का प्रयास किया गया



तो वाहन चालक अपनी कार को अकाझिरी तरफ भगाकर ले गया जिसका पीछा किया तो कार चालक अपनी कार को करोंदी में गौशाला के पास रोड के नीचे गड्ढे में छोडकर अंधेरे का फायदा उठाकर वहाँ से भाग गया कार को चेक किया जिसकी डिग्गी में दस पेटी देशी मदिरा मसाला की मिली जिनमें कुल 500 क्वाटर शीलबंद ( 90 लीटर ) कीमती 45,000 रूपये एवं टाटा इंडिगो कार क्र. यूपी 93 एक्स 1024 कीमती पाँच लाख रूपये विधिवत जप्त किया गया है । अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना रन्नौद पर अप. क्र. 19/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का कायम किया गया है । दिनाँक 29.01.2024 को गस्त के दौरान ग्राम पचावली में मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति हीरो एच एफ डीलेक्स मोटरसाइकल एमपी33एमव्ही 9386 पर पीछे दो थैलों मे देशी प्लेन शराब के क्वाटर भरे हुये बांधकर बेचने ले जाने के लिये पचावली में रन्नौद जोड पर खडा हुआ है । मुखविर सूचना की तस्दीक करने पर आरोपी अजय पुत्र चन्द्रभान सिंह यादव उम्र 28 साल निवासी ग्राम लिलवारा थाना बदरबास के कब्जे से दो थैलों मे देशी प्लेन शराब के कुल 350 क्वाटर शीलबंद ( कुल 63 लीटर ) कीमती 28000 रूपये एवं हीरो एच एफ डीलेक्स मोटरसाइकल क्र. एमपी 33 एमव्ही 9386 समक्ष पंचान विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर वापसी पर अप. क्र. 20/24 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का कायम कर आरोपी को माननीय न्यायालाय पेश किया गया है उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी रन्नौद उनि अरविन्द सिंह चौहान , सउनि ब्रजमोहन सैलर , सउनि संदीप कुजूर , प्रआर 269 ऊधम सिंह भिलाला , आर. 930 मंजीत मलिक , आर. 716 दीपक सिंह तोमर , आर. चा. 383 रनवीर सिंह यादव की सराहनीय भूमिका रही ।

# बन्हेरी गांव के ग्रामीण कलेक्ट पर करेंगे सामूहिक उपवास

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



**ग्वालियर**-9 अक्टूबर को ग्राम बन्हेरी के सरपंच की गई हत्या के बाद गांव में करीब 42 मकानो को जला दिया गया था,9 ट्रैक्टर भी क्षतिग्रस्त किए गए थे किसानो की बोरिंग भी नष्ट कर दी गई थी। और तभी से यह किसान आसपास के गांव में अपने परिचितों और रिश्तेदारों क्या रहने के लिए मजबूर है,। जबकि इन किसानो का कोई कसूर नही था। पुलिस ने उपद्रव एवं लुटपाट करने वालो के खिलाफ़ आपराधिक प्रकरण दर्ज तो कर लिया है लेकिन कोई भी कार्यवाही अभी तक नही हुई है, अपराधी खुले गाँव मे रह रहे है जबकि निर्दोष एवं पीड़ित किसान गाँव मे रहने की हिम्मत नही जुटा पा रहे है। कई बार शासन प्रशासन से अपनी गुहार लगाने के बावजूद भी इन पीड़ित किसानों की फरियाद कोई सुनने वाला नहीं है विगत 23 जनवरी को मध्य प्रदेश किसान सभा के नेतृत्व मे कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन कर एक ज्ञापन सौंपा गया था जिसमे इन किसानों को न्याय दिलाने, उनके आवासों को पुन निर्मित करने तथा आगजनी करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया था अधिकारियों ने ठोस आश्वासन देने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है जिससे क्षुब्द होकर दिनांक 29 जनवरी को बन्हेरी गांव के ग्रामीण मध्य प्रदेश किसान सभा के नेतृत्व में सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक सामूहिक उपवास करेंगे। प्रेस पुजारी विज्ञप्ति में मध्य प्रदेश किसान सभा के जिला अध्यक्ष तलविंदर सिंह महासचिव जितेंद्र आर्य, राजेंद्र सविता, रामकिशन सिंह कुशवाहा,जसविंदर सिंह ढिंगसा, कमल सिंह, नाहर सिंह कुशवाहा, रशीद खान, आदि ने सभी किसान भाइयों से बन्हेरी गांव के ग्रामीणों की एकजुटता के लिए सुबह 11:00 बजे कलेक्ट पहुंचने की अपील की है

# राजस्व, न्यायालय, बिजली, वन, नगरपालिका के मामलों का समाधान आपके द्वार कार्यक्रम में होगा निराकरण

## पैरालीगल वालेंटियर गांव गांव जाकर कर रहे जागरूक

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**- उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति ग्वालियर एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार समाधान आपके द्वार योजना अंतर्गत आम नागरिकों के राजीनामा योग्य प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण हो इस हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र प्रसाद सोनी के निर्देशन में तथा अर्चना सिंह जिला न्यायाधीश/सचिव के मार्गदर्शन में समाधान आपके द्वार योजना अंतर्गत 24 फरवरी को पंचम शिविर का आयोजन किया जाना है। पंचम शिविर में न्यायालय के समस्त राजीनामा योग्य मामले, जो दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 320 में उल्लेखित है। साथ ही ऐसे मामले जिनमें एफआईआर हो चुकी है, किन्तु चालान पेश नहीं हुआ है एवं अदम चौक के मामले का निराकरण किया जायेगा। विद्युत विभाग के ऐसे मामले जिनमें निम्नदाव का कनेक्शन प्रदाय किया जाना है, निम्नदाब के मीटर बंद होना है या मीटर की जॉच होना है या खराब पाये जाने पर बदलाव किया जाना है, बकाया बिल राशि के मामले, विद्युत चोरी के प्रकरणों में उपभोग राशि का समुचित मूल्यांकन



होना है अथवा चोरी के ऐसे मामले जिनमें पंचनामा तैयार हो गया किन्तु परिवाद पेश नहीं हुआ है उन मामलों में भी पक्षकारों को सुलह समझाइश देकर मामले का निराकरण कराया जा सकता है। राजस्व विभाग के ऐसे मामले जैसे फसल हानि के लिए आर्थिक सहायता, बटांकन, भूमि का सीमांकन, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, रास्तों के विवाद, जल निकासी, जल स्त्रोत से संबंधित मामले, बंटवारे के आदेश के पश्चात नक्सों में बटांकन, तरमीम तथा तरमीम पश्चात अक्स नक्सा, वन विभाग के ऐसे समनीय मामले जो भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 68 में उल्लेखित हैं। साथ ही संपत्तिकर, जलकर, दुकानकर आदि अन्य ऐसे मामले जो भविष्य में कभी लिटिगेशन के रूप में सामने आ सकते है ऐसे प्रकरणों को भी समाधान आपके द्वार योजना अंतर्गत रख सकते हैं। उक्त विषयों के निराकरण के लिए प्रारंभिक स्तर पर अपने क्षेत्र के लाईनमेन, पटवारी, वीटगार्ड, कोटवार, प्रधान आरक्षक, पैरालीगल वालेंटियर एवं द्वितीय स्तर पर ग्राम न्यायाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी, उपखंड अधिकारी वन, उपखंड मजिस्ट्रेट, कनिष्ठ यंत्री विद्युत विभाग, जिला विधिक सहायता अधिकारी, सहायक लोक अभियोजक अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। उक्त योजना अंतर्गत प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण हेतु पैरालीगल वालेंटियर गोपाल राठौर, कृष्णकांत नामदेव, अमन शर्मा, संजय शर्मा, संदीप शर्मा द्वारा ग्राम सिंहनिवास, कोटा, हातौद, टोंगरा, पिपरसमा आदि ग्रामों में जाकर लोगों को जागरूक किया एवं उनके प्रकरणों का समाधान आपके द्वारा योजना में निराकरण कराये जाने हेतु जानकारी दी।

# पांच मांगो को लेकर आठ चरणों में चलेगी प्रदेश मैं ओबीसी की अधिकार यात्रा - दामोदर यादव

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



शिवपुरी- खबर शिवपुरी जिले मैं ओबीसी के हक और अधिकारों को लेकर यात्रा को लेकर आये सेव?ा विधानसभा के प्रत्याशी रहे दामोदर यादव आज शिवपुरी पहुचे जहाँ उन्होंने ओबीसी के लोगो को अपने हक ओर अधिकारों के लिये जागरूक किया साथ ही उन्होंने बताया कि वह इस यात्रा से प्रदेश के पिछड़े वर्ग के 5 करो? लोगों को जोड़कर अपने हक के लिए जागरुक कर रहे हैं जिससे प्रदेश मैं जितने भी राजनीतिक दल हैं बो पिछडा वर्ग की ताकत को समझे प्रदेश सरकार से पांच मांगो को लेकर इस यात्रा का नेतृत्व किया जा रहा है सबसे पहले प्रदेश सरकार ओबीसी की जातिगत जनगणना कराए जिससे ओबीसी के लोगो को पता चले कि प्रदेश मैं पिछडे वर्ग की संख्या कितनी है और जब तक सरकार जातिगत जनगणना नही कराती तब तक पिछ्ला वर्ग के लोगों को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए जो की देश के अन्य राज्यों में दिया जा रहा है लेकिन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पिछड़े वर्ग के साथ अन्याय कर उनको 27 प्रतिशत आरक्षण नहीं दिया जा रहा है साथ ही जब अनुसूचित जाति, जनजाति को जनसंख्या के आधार पर राजनीतिक आरक्षण दिया जाता है तो प्रदेश में जो 60त्न पिछड़ा वर्ग की संख्या निवास करती है उनको भी जाति के आधार पर राजनीतिक आरक्षण दिया जाना चाहिए जबकि पंचायत चुनाव ओर छोटे चुनाव मैं आरक्षण दिया जाता है यदि आरक्षण की आवश्यकता नहीं है तो फिर छोटे चुनाव में क्यों दिया जाता है यदि और आवश्यकता है तो फिर विधानसभा लोकसभा में भी आरक्षण दिया जाना चाहिए साथ ही आज सबसे ज्यादा किसान आत्महत्या कर रहे हैं जिस का मुख्य कारण है किसानों पर बढ़ता हुआ कर्ज प्रदेश सरकार से किसानों को कर्ज से माफ करने का कार्य जल्द से जल्द किया जाए ओर प्रमोशन मैं भी पिछ्ला वर्ग के लोगों को आरक्षण दिया जाए इन्हीं सब मांगों को लेकर इस यात्रा का आयोजन किया गया है यात्रा का आयोजन 8 चरणों में किया गया है जो की 27 जनवरी से दतिया से शुरू होकर 16 फरवरी को भोपाल में एक विशाल धरने और मुख्यमंत्री निवास घेराव के साथ समाप्त की जाएगी

# एसडीएम सक्ती ने पं. दीनदयाल स्टेडियम बाजार ग्राउंड में धीमे निर्माण कार्य पर ठेकेदारों को लगाई फटकार





सक्ती कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में आज अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सक्ती पंकज डाहिरे ने पं. दीनदयाल स्टेडियम बाजार ग्राउंड में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धीमे निर्माणकार्य पर नाराजगी जताते हुवे ठेकेदारों को फटकार लगाई और निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर पन्ना के निर्देशन में पं. दीनदयाल स्टेडियम में जिला खनिज संस्थान न्यास निधि ( डीएमएफ ) अंतर्गत फुटबॉल ग्राउंड, इनडोर स्टेडियम, बास्केटबॉल, लॉनटेनिस व बेहतर पार्किंग व्यवस्था निर्माण कार्य आदि कराया जाना है। जिसके लिए एसडीएम सक्ती ने आज राजस्व अमले और मुख्य नगर पालिका अधिकारी सक्ती के साथ निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित ठेकेदारों को समय पर गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य किए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अधोसंरचना मद अंतर्गत छेदी होटल सोसायटी चौक से गुरु नानक कॉम्प्लेक्स तक निर्माणाधीन 24 मीटर चौड़ी सड़क एवं अन्य कार्यों का भी निरीक्षण किया गया और निर्माण कार्यों को अति शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सक्ती मनमोहन प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार सुशीला साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह, उप अभियंता शैलेंद्र पटेल, मोहम्मद इब्राहिम खान, बेद जायसवाल, रोहिणी कैवर्त्य सहित संबंधित ठेकेदार उपस्थित थे।

# आत्मसाक्षात्कार द्वारा स्व को जानना ही सहजयोग

जब से जीव का विकास मनुष्य के रूप में हुआ है उसके भीतर यह अदम्य इच्छा जागृत रहती है कि वह अपने अस्तित्व के सत्य को जान सके परमात्मा व प्रकृति के रहस्य को अनावृत कर सके। इसके लिए अनेक मनीषियों ने ध्यान, साधना व तप का मार्ग अपनाया व आत्मा तथा परमात्मा के संबंध को समझा। वे अन्य लोगों के मार्गदर्शक बने अर्थात् गुरु की भूमिका का निर्वहन किया। वास्तव में मनुष्य जब भी सत्य की खोज में निकलता है तो अनेक प्रक्रियाओं में उलझे कर रह जाता है। परमात्मा से एकाकार होने के लिए इस माया रूपी संसार में साक्षी स्वरूप होकर वर्तमान में स्थित होना अर्थात निर्विचारिता को प्राप्त करना ही आत्म ज्ञान को प्राप्त करने का एकमात्र मार्ग है इसके लिए एक सदुरु की आवश्यकता होती है जो प्रत्येक भटकाव से बचाकर आपको मध्य मार्ग पर स्थित रखते हुए परम शक्ति से योग कर सके। हमारे देश में अनेकानेक सद्गुरुओं



ने समय-समय पर इस भूमिका का संसार के उद्धार के लिए निर्वहन किया है। पर इस मार्ग से बहुत कम जनसाधारण का जुड़ाव हो सका। वर्तमान में श्री माताजी निर्मला देवी जी ने सहज योग के माध्यम से यह मार्ग बहुत ही सहज बना दिया है। वे एक सदुरु होने के साथ-साथ एक मां भी हैं इस नाते उन्होंने अपने सभी बच्चों को स्वयं ही गुरु होने की शक्ति व आशीर्वाद प्रदान किया। सहजयोग में गुरु तत्व स्वयं आपके भीतर जागृत हो जाता है जो प्रतिपल व्यक्ति को सुमार्गी होने की प्रेरणा देता है तथा आत्म साक्षात्कार, आत्मज्ञान व आत्म परीक्षण द्वारा आपका योग परमात्मा की असीम शक्ति के साथ करा देता है।श्री माताजी द्वारा संस्थापित सहजयोग पद्धति सत्य, विश्वास, प्रेम व स्वयं के अनुभव पर आधारित वैज्ञानिक पद्धति है, परमात्मा से जुड़ने की। सहज योग कोई अंधश्रद्धा नहीं है, वरन् इसमें सर्वप्रथम आपको परम चैतन्य का अनुभव प्राप्त होता है तत्पश्चात आप ध्यान व साधना की ओर अग्रसर होते हैं। क्योंकि इसे हम स्वयं अनुभव करते हैं अतः यह हमारे आत्मविश्वास को दृढ़ करता है। श्री माताजी ने सदैव ही यह उपदेशित किया है कि आत्म साक्षात्कार की प्राप्ति के पश्चात यदि नियमित ध्यान धारणा द्वारा विवेकपूर्ण तरीके से सहज योग का पालन किया जाता है तो हमारे भीतर अनेकानेक शक्तियां स्वयं ही आने लगती हैं। और इन शक्तियों का यदि विवेक पूर्ण प्रयोग किया जाए तो समाज में बदलाव लाया जा सकता है। आवश्यकता है स्वयं पर विश्वास की, कि आप उन शक्तियों के स्वामी हैअपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं

# नौजवानों! अगर खाने-पीने, मौज-मस्ती और नशे की गोलियों में समय निकाल दिया तो कोई आपका नाम लेवा नही रहेगा इसलिए चरित्रवान और देश भक्त बनो

## सुभाष चन्द्र बोस के प्रसंग से समझाया, नौजवानों! भारत के लिए कुर्बानी देने वाले जापानी नौजवान के ऋणी हो

सूरत (गुजरात) व?्त के पूरे सन्त, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि जब अंग्रेज हिंदुस्तान में राज्य कर रहे थे, हट नहीं रहे थे, आजादी की लड़ाई शुरू हो गई थी तो सुभाष जापान गए थे। वहां पर लोगों को इकट्ठा करके आवाज लगाया, मदद मांगा कि हमको कोई देश को आजाद कराने के लिए मदद दे दे। लोगों ने पूछा क्या मदद की जरूरत है? उन्होंने कहा हमको एक नौजवान चाहिए जो अपनी जान की कुर्बानी दे दे। एक लड़का खड़ा हुआ, कहा अपने देश के लिए सब कुर्बान होते हैं, रखवाली करते हैं, सीमा पर जान दे




देते हैं। चल मैं तेरे भारत देश के काम आऊंगा। सुभाष ने पूछा तेरे घर में और कौन-कौन है? बोला केवल एक बूढ़ी मां। बोले तेरी मां ही तेरे इस अच्छे काम में बाधा बनेगी। तुझको वह नहीं देगी। दिल दुखा कर हम तुझे ले जाना नहीं चाहते हैं। देखो सहज मिले सो दूध सम, मांगे मिले सो पानी, कहे कबीर वा रक्त सम जामें खिंचा तान कहते हैं- सहज में मिली चीज दूध के समान, मांगने से मिले तो पानी और खींचातानी जोर जबरदस्ती से तकलीफ लेकर अगर ले लो तो वही चीज खून की तरह हो जाती है। तो कहा हम तुझे ऐसे नहीं ले जाएंगे। तब वह मां के पास गया और बोला कि मां तू अगर न होती तो मैं भारत देश के काम आ गया होता। तो मां ने कहा, जा उठा ला तलवार, काट देती हूं अपने सिर को, ले जाकर के सुभाष के सामने रख देना और कह देना अब मेरी मां नहीं रही, चल मैं तेरे भारत देश के काम आ जाऊंगा। उसने तो नहीं काटा लेकिन मां ने खुद काट दिया।

**जापान के नौजवान लड़के ने भारत के लिए दी कुर्बानी**-जब सुभाष के सामने रखा तब सुभाष ने कहा अब तू मेरे देश के काम आ जाएगा, तेरा इतिहास बनेगा। उसके शरीर में बम बांधकर के और ऐसे जहाज की चिमनी में डाला था जिसमें बहुत सारे असलहा हिंदुस्तान में आ रहे थे। अगर वह आ गए होते तो जन्म-जन्मांतर के लिए यह देश परतंत्र हो जाता, कभी आजाद नहीं हो सकता था। जब जहाज डूबा तब अंग्रेजों का कलेजा फटा और फिर वह हिंदुस्तान छोड़ करके चले गए। परिस्थितियां ऐसी बनी कि छो?कर वह स्वतः ही चले गए।

**नौजवानों! जापान के लड़के के ऋणी हो आप**-क्या आप उसके इतिहास को भूल सकते हो? कभी नहीं भूल सकते। आप ऋणी हो, कर्जदार हो उस नौजवान के जो जापान का नौजवान आपके देश के काम आया था। तो आप ऐसे खाने-पीने और मौज-मस्ती में और ऐसे लड़कियों के कुमारत्व को खत्म करने में अगर समय निकालोगे तो आपका कोई नाम लेवा नहीं रह जाएगा। इसलिए इस वक्त पर जरूरत है कि नौजवानों निकलो।

## ज़ी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित कंगना रनौत की पीरियड पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म इमरजेंसी 14 जून 2024 को होगी रिलीज

चार बार की राष्टीय पुरस्कार विजेता और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित अभिनेत्री कंगना रनौत एक के बाद एक अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन के साथ भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में सर्वोच्च स्थान पर बनी हुई हैं। एक दमदार कलाकार, अभिनेत्री अपने बहुप्रतीक्षित आगामी राजनीतिक ड्रामा इमरजेंसी में एक बार फिर दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयारी कर रही है, जिसमें वह पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में हैं। ज़ी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित, इमरजेंसी भारतीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे विवादास्पद घटना का एक मेगा बजट चित्रण है।

# नगर के मारवाड़ी रोड निवासियों ने निकाली... भव्य शोभायात्रा



**बैरसिया।।** सोमवार को भगवान श्री राम के अयोध्या धाम में राम जन्मभूमि पर बने नवनिर्माण मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर दिनभर बैरसिया नगर राम मय रहा। इसी खुशी के मौके पर मारवाड़ी रोड निवासी महिलाओं ने बड़े हर्ष उल्लास से भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली शोभायात्रा नगर के मारवाड़ी रोड से प्रारंभ होकर सांवलिया मंदिर दुर्गा चौक से होते हु

## बायजू का परिचालन घाटा बढ़ 6,679 करोड़ रुपये हुआ, नतीजे जारी कर कंपनी ने बताया नुकसान का कारण

**नई दिल्ली।** बायजू के नाम से बाजार में कारोबार कर रही एडटेक कंपनी थिंक एंड लर्न ने बताया है कि वित्त वर्ष 2022 में उसका परिचालन घाटा बढ़कर 6,679 करोड़ रुपये हो गया। थिंक एंड लर्न ने वित्त वर्ष 2021 में 4,143 करोड़ रुपये का परिचालन घाटा दर्ज किया, कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। कंपनी का राजस्व वित्तीय वर्ष 21 के ?2,428.39 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 22 में ?5,298.43 करोड़ हो गया जो कि दोगुने से अधिक है। बायजू ने कहा, ÷मुख्य रूप से व्हाइट हैट जूनियर (डब्ल्यूएचजे) और ओएसएमओ (टैंजिबल प्ले) में हुआ घाटा कंपनी के नुकसान का सबसे बड़ा कारण रहा, जो कुल घाटे का 45 प्रतिशत यानी करीब 3,800 करोड़ रुपये है।'

डब्ल्यूएचजे और पालो ऑल्टो स्थित एडटेक स्टार्ट-अप ह्रस्व्ह को छोड़कर, बायजू ने स्न्ङ्क22 में अपनी कुल आय में सालाना आधार पर तीन गुना वृद्धि दर्ज की। बायजू की सहायक कंपनियों आकाश और ग्रेट लर्निंग ने अधिग्रहण के तुरंत बाद क्रमशः 40 प्रतिशत और 77 प्रतिशत की वृद्धि की है। आकाश का राजस्व वित्त वर्ष 2022 में 40 प्रतिशत बढ़कर 1,491 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष 21 में 1,065 करोड़ रुपये था। ग्रेट लर्निंग ने वित्त वर्ष 22 में राजस्व में 80 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 628 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की, जो पिछले वित्त वर्ष में 354 करोड़ रुपये थी।

## नरेश गोयल ने अदालत से मांगी एंडोस्कोपी की इजाजत

**नई दिल्ली।** जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल ने मंगलवार को विशेष अदालत से मुंबई के एक निजी अस्पताल में एंडोस्कोपी प्रक्रिया कराने की अनुमति मांगी। विशेष अदालत ने मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को बुधवार को उनकी याचिका पर जवाब देने का निर्देश दिया। चार महीने से अधिक समय से जेल में बंद 74 वर्षीय गायल को इस महीने की शुरुआत में अदालत ने यहां एक निजी अस्पताल में कई चिकित्सा जांच कराने की अनुमति दी थी। गोयल ने मंगलवार को धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) से संबंधित मामलों की सुनवाई कर रही एक विशेष अदालत के समक्ष एंडोस्कोपी कराने का की इजाजत देने की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया था।

## डॉलर की तुलना में रुपया 8 पैसे कमजोर

**नई दिल्ली।** डॉलर के मुकाबले रुपया 8 पैसे कमजोर होकर 83.15 पर बंद हुआ।कच्चे तेल में तेजी और घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट से रुपये पर दबाव बढ़ा।?अंतरबैंक विदेशी विनिमय मुद्रा बाजार में रुपया 83.11 पर खुला। कारोबार के दौरान 83.06 से 83.17 के दायरे में रहा।

## एयरटेल ने समय से पहले किया भुगतान

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल ने 2015 की नीलामी में मिले स्पेक्ट्रम से जुड़े देनदारियों में से दूरसंचार विभाग को 8,325 करोड़ का समय से पहले भुगतान कर दिया है। यह 10 फीसदी ब्याज लागत पर था। कंपनी ने नीलामी में 29,129.08 करोड़ मूल्य के स्पेक्ट्रम हासिल किए थे।

## रियायतें बढ़ाकर एनपीएस को और अधिक आकर्षक बना सकती है सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार 75 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए योगदान एवं निकासी पर कर रियायतें बढ़ाकर राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) को और अधिक आकर्षक बना सकती है। पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने नियोक्ताओं के योगदान के लिए कर के मोर्चे पर कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय (ईपीएफओ) के साथ समानता की मांग की है। इस संबंध में कुछ घोषणाएं अंतरिम बजट में किए जाने की उम्मीद है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह उनका छठा बजट होगा।

वर्तमान में एनपीएस में नियोक्ताओं के योगदान को लेकर असमानता है। एनपीएस में कॉरपोरेट के मूल वेतन और महंगाई भत्ते के 10 फीसदी तक के योगदान को कर से छूट दी गई है। ईपीएफओ के मामले में यह 12 फीसदी है।

# देश में 15 जनवरी तक 149.52 लाख टन चीनी का हुआ उत्पादन : इस्मा

**नई दिल्ली।** देश में चालू चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में 15 जनवरी, 2024 तक चीनी का उत्पादन 149.52 लाख टन रहा है। पिछले विपणन वर्ष की समान अवधि में 157.87 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था, जो एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 5.28 फीसदी कम है।

चीनी मिलों के संगठन इंडियन शुगर मिल एसोसिएशन (इस्मा) ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि चीनी विपणन वर्ष 2023-24 में 15 जनवरी तक चीनी का उत्पादन 5.28 फीसदी घटकर 149.52 लाख टन रहा है, जबकि पिछले चीनी विपणन वर्ष की समान अवधि में 157.87 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था। इस्मा के मुताबिक पिछले वर्ष की इसी अवधि में संचालित 515 मिलों की तुलना में इस वर्ष चालू चीनी मिलों की संख्या 520 है।



हालांकि, इस्मा ने कहा कि इस बार चीनी का उत्पादन पहले के अनुमान से कहीं अधिक हो सकता है। इस्मा ने सरकार से चालू चीनी विपणन सत्र में इथेनॉल उत्पादन के लिए अतिरिक्त 10-12 लाख टन चीनी के स्थानांतरण (डायवर्जन) की अनुमति देने का अनुरोध किया है। उद्योग संगठन ने चीनी के ज्यादा उत्पादन के अनुमान के बीच यह मांग रखी है। इस्मा ने कहा कि 'हमारा यह मानना है कि चालू चीनी विपणन वर्ष में चीनी उत्पादन पहले की उम्मीद की अपेक्षा कहीं अधिक हो सकता है। इस्मा ने कहा कि वह इस महीने के अंत तक चीनी के उत्पादन का अपना दूसरा अनुमान सामने लाएगा। उद्योग निकाय के मुताबिक देश के प्रमुख चीनी उत्पादक राज्य महाराष्ट्र में 15 जनवरी तक चीनी उत्पादन घटकर 50.73 लाख टन रह गया है, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 60.26 लाख टन रहा था। इसी तरह तीसरे सबसे बड़े चीनी उत्पादक कर्नाटक में उत्पादन घटकर 31.16 लाख टन रह गया, जो एक साल पहले की समान अवधि में 33.58 लाख टन था। हालांकि, दूसरे सबसे बड़े चीनी उत्पादक राज्य यूपी में 15 जनवरी तक चीनी का उत्पादन 45.73 लाख टन से अधिक रहा, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 40.65 लाख टन था।

## एक्सिस बैंक का मुनाफा चार फीसदी बढ़कर 6,071 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एक्सिस बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बैंक का मुनाफा चार फीसदी बढ़कर 6,071 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक को 5,853 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।

एक्सिस बैंक ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में उसका मुनाफा 4 फीसदी बढ़कर 6,071 करोड़ रुपये रहा है। इस दौरान उसकी कुल आय बढ़कर 33,516 करोड़ रुपये हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 26,798 करोड़ रुपये रही थी। वहीं, बैंक की ब्याज आय उछलकर 27,961 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 22,226 करोड़ रुपये थी। बैंक के मुताबिक सकल गैर निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) अनुपात 31 दिसंबर, 2023 को समाप्त तीसरी तिमाही में सुधरकर 1.58 फीसदी हो गया। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में यह 2.38 फीसदी रहा था। इसी तरह बैंक का शुद्ध एनपीए दिसंबर, 2022 के अंत के 0.47 फीसदी की तुलना में घटकर 0.36 फीसदी हो गया है।

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट में हाहाकार, 39 हजार डॉलर से नीचे आया बिटकॉइन

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज जबरदस्त गिरावट का माहौल बना हुआ नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ 1 मामूली बढ़त के साथ और 9 गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रही हैं। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन में आज 4.5 प्रतिशत से भी अधिक गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण बिटकॉइन आज 39 हजार डॉलर के स्तर से भी नीचे गिर कर कारोबार कर रहा है। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम पिछले 24 घंटों के दौरान 6.5 प्रतिशत से ज्यादा टूट गई है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 6 बजे तक बिटकॉइन 4.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 38,867.48 डॉलर यानी 32.32 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत भी आज 6.53 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 2,217.79 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।बिटकॉइन और एथेरियम



के अलावा टेथर 0.03 प्रतिशत, बीएनबी 4.63 प्रतिशत, सोलाना 8.48 प्रतिशत, एक्सआरपी 4.33 प्रतिशत, कार्डानो 7.17 प्रतिशत, डोजेकॉइन 7.38 प्रतिशत और एवालांचे 10.37 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत की मामूली मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 5.19 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 1.52 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 126.38 लाख करोड़ रुपये रह गया है। ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में तेजी दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल 7,292 करोड़ डॉलर यानी 6.06 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 60.34 प्रतिशत अधिक है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें तो कीमत में गिरावट आने के बावजूद पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति 0.24 प्रतिशत मजबूत हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी बढ़ कर 50.21 प्रतिशत हो गई है।

## घरेलू सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर सोना, चांदी में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोना सपाट स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोना आज बिना किसी बदलाव के भाव पर ही कारोबार करता रहा। दूसरी ओर, चांदी में आज गिरावट का रुख बना हुआ है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में आज चांदी 200 रुपये की गिरावट के साथ 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 58,250 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 57,850 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 63,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 57,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 63,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 57,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 57,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक



रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में कोई बदलाव नहीं आया है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 57,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## अब सोने, चांदी और कीमती धातुओं के सिक्कों पर आयात शुल्क बढ़कर 15 फीसदी

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोने, चांदी और कीमती धातुओं के सिक्कों पर मौजूदा आयात शुल्क 10 फीसदी से बढ़ाकर 15 फीसदी कर दिया है। नई दरें 22 जनवरी से प्रभावी हो गई है।

वित्त मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक सोने, चांदी और कीमती धातुओं के सिक्कों पर आयात शुल्क अब 15 फीसदी होगा। इसमें 10 फीसदी बेसिक कस्टम ड्यूटी (बीसीडी) और 5 फीसदी एआईडीसी (कृषि अवसंरचना विकास उपकर) शामिल है।



हालांकि, सामाजिक कल्याण अधिभार (एसडब्ल्यूसी) को इससे छूट है। इसके साथ ही मंत्रालय ने कीमती धातुओं वाले प्रयुक्त उत्प्रेरकों पर भी आयात शुल्क को बढ़ा दिया है। अधिसूचना के अनुसार एसडब्ल्यूएस से छूट के साथ 10 फीसदी मूल सीमा शुल्क (बीसीडी) और 4.35 फीसदी एआईडीसी (कृषि अवसंरचना विकास उपकर) सहित शुल्क को बढ़ाकर 14.35 फीसदी कर दिया गया है। अधिसूचना के मुताबिक नई दरें 22 जनवरी, 2024 से प्रभावी हो गई है।

## चौतरफा बिकवाली के कारण ढेर हुआ शेयर बाजार, निवेशकों को 8.37 लाख करोड़ का घाटा

**नई दिल्ली।** हैवीवेट शेयरों में आई जोरदार गिरावट के कारण घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को बुरी तरह से टूट गया। हालांकि आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार ऊंचाई की ओर बढ़ता नजर आया लेकिन सुबह 10 बजे के बाद से बिकवाली शुरू हो जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक बड़ी गिरावट का शिकार हो गए। आज सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 1,804.65 अंक तक और निफ्टी ऊपरी स्तर से 557.65 अंक तक टूट गए। दिन भर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.47 प्रतिशत और निफ्टी 1.54 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। आज के कारोबार में फार्मास्युटिकल्स और हेल्थ केयर सेक्टर को छोड़ कर बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। बैंकिंग, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, रियल्टी और मेटल सेक्टर के शेयरों में आज जम कर बिकवाली होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज चौतरफा बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 2.95 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.79 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 8.3 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 366.04 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शनिवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 374.41 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 8.37 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,067 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 938 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 2,991 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 138 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,197 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 322 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,875 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 6 शेयर बढ़त के साथ और 24 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 10 शेयर हरे निशान में और 40 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 444.55 अंक की मजबूती के साथ 71,868.20 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने की वजह से ये सूचकांक 615.55 अंक की तेजी के साथ आज के सर्वोच्च स्तर 72,039.20 अंक तक पहुंच गया। पहले घंटे के कारोबार में ही बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण ये सूचकांक लगातार नीचे गिरता चला गया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण आज का कारोबार खत्म होने के आधा घंटा पहले ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 1,804.65 अंक टूट कर 1,189.10 की कमजोरी के साथ 70,234.55 अंक तक लुढ़क गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1,053.10 अंक की कमजोरी के साथ 70,370.55 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 144.90 अंक की छलांग लगा कर 21,716.70 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने से ये सूचकांक 178.45 अंक की मजबूती के साथ 21,750.25 अंक तक पहुंच गया। सुबह 10 बजे के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इस सूचकांक में भी जबरदस्त गिरावट दर्ज की गई। बाजार में हो रही चौतरफा बिकवाली के कारण ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 557.65 अंक गिर कर 379.20 अंक की कमजोरी के साथ 21,192.60 अंक तक लुढ़क गया।

## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देशभर में 1.25 लाख करोड़ रुपये का हुआ व्यापार

**नई दिल्ली।** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से देश की अर्थव्यवस्था में सनातन इकोनॉमी का एक नया अध्याय जुड़ा है, जिसके तेज़ी से देशभर में विस्तार होने की बड़ी संभावनाएं दिख रही हैं। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि एक मोटे अनुमान के मुताबिक श्रीराम मंदिर में समारोह से देशभर में करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हुआ, जिसमें अकेले दिल्ली में लगभग 25 हजार करोड़ और उत्तर प्रदेश में करीब 40 हजार करोड़ रुपये का सामान और सेवाओं के जरिए व्यापार हुआ है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने मंगलवार को बताया कि देश में ऐसा पहली बार हुआ है, जब आस्था एवं भक्ति के कारण इतने बड़ा पैसा व्यापार के ज़रिए देश के बाजारों में आया है। खंडेलवाल ने कहा कि विशेष बात ये है कि यह सारा व्यापार छोटे व्यापारियों एवं लघु उद्यमियों द्वारा किया गया, जिसके कारण यह पैसा व्यापार में आर्थिक तरलता को और बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर की वजह से देश में व्यापार के अनेक नए अवसर मिले हैं। बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार का अवसर भी मिलेगा। खंडेलवाल ने कहा कि अब समय आ गया है, जब आंत्रप्रेन्योर एवं स्टार्टअप्स को व्यापार में नए आयाम जोड़ने की क़वायद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कैट इस विषय पर जल्द ही एक सेमिनार नई दिल्ली में करने जा रहा है। खंडेलवाल ने बताया कि कैट के हर शहर अयोध्या-हर घर अयोध्या राष्ट्रीय अभियान के तहत एक जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक देश के 30 हजार से ज़्यादा छोटे-बड़े व्यापारिक संगठनों ने देशभर में डेढ़ लाख से ज़्यादा कार्यक्रम आयोजित किए, जिसमें अकेले 22 जनवरी को एक लाख से ज़्यादा आयोजन हुए। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से करीब 2 हज़ार शोभायात्रा, 5 हज़ार से अधिक बाज़ारों में श्री राम फेरी, 1000 से अधिक श्रीराम संवाद कार्यक्रम, 2500 से ज़्यादा संगीतमय श्रीराम भजन एवं श्रीराम गीत कार्यक्रम आयोजित किए गए। 22 जनवरी को देशभर में व्यापारी संगठनों द्वारा बाज़ारों में 15 हज़ार से अधिक एलईडी स्क्रीन लगाई गईं तथा 50 हजार से अधिक स्थानों पर सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, अखंड रामायण एवं अखंड दीपक के कार्यक्रम किए गए। इसके साथ ही देशभर में 40 हजार से अधिक भंडारे का आयोजन व्यापारियों ने किए।

## अब 45 की उम्र में ही रॉल्स-रॉयस खरीद लेते हैं अमीर भारतीय, बोले ब्रिटिश लग्जरी कार के निर्माता

**लंदन।** बेहद अमीर भारतीय अब 45 साल की उम्र में ही लग्जरी कार रॉल्स-रॉयस खरीद लेते हैं। ब्रिटिश लग्जरी कार निर्माता कंपनी के उत्पाद एवं क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक इवान कांग ने कहा, भारत में रॉल्स-रॉयस की कारें खरीदने वाले धनाढ्य लोगों की औसत आयु पहले की तुलना में घट गई है। अब लग्जरी कार खरीदने वालों अधिकतर ग्राहक करीब 45 वर्ष की आयु के बेहद अमीर भारतीय हैं। कांग ने कहा, रॉल्स-रॉयस कारें विशेष रूप से तैयार की जाती हैं और कीमत ग्राहकों की पसंद पर निर्भर करती है। स्पेक्टर मॉडल की शुरुआती कीमत (एक्स-शोरूम) 7.50 करोड़ रुपये है। कांग ने स्पेक्टर श्रेणी वाली कार को 2023 में वैश्विक बाजार में पेश किए जाने के बाद से इसकी बुकिंग का कोई आंकड़ा देने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, स्पेक्टर की मांग मजबूत रही है। इसकी आपूर्ति के लिए वेटिंग अवधि एक वर्ष से अधिक हो सकती है।

**ई-वाहन स्पेक्टर लॉन्च, कीमत 10 करोड़:** रॉल्स-रॉयस मोटर कार्स ने मंगलवार को अपना नया पूर्ण इलेक्ट्रिक वाहन 'स्पेक्टर' भारतीय बाजार में पेश किया। इसकी चेन्नई में शोरूम कीमत 10 करोड़ रुपये है। इस मौके पर स्पेक्टर मॉडल का 'चाटरेस' (हरा-पीला) रंग का खास संस्करण भी पेश किया गया।

यात्री वाहन उद्योग में 20त्न तक वृद्धि संभव- यात्री वाहन (पीवी) उद्योग में चालू वित्त वर्ष के दौरान 18 से 20 फीसदी वृद्धि की उम्मीद है। मजबूत ऑर्डर बुक और आपूर्ति शृंखला में सुधार जैसे कारकों के दम पर 2024-25 में भी वृद्धि जारी रहने की संभावना है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी केयरएज ने मंगलवार को एक रिपोर्ट में कहा, प्रीमियम श्रेणी की मांग अच्छी रहने की उम्मीद है। हालांकि, उच्च ब्याज दरों और महंगाई के कारण सस्ती कारों की मांग कम हो सकती है। इलेक्ट्रिक फोर-व्हीलर श्रेणी में पिछले कुछ वर्षों में बिक्री काफी बढ़ी है।




# रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है सूर्य नमस्कार

**दिन की अच्छी शुरुआत करने के लिए सूर्य नमस्कार सबसे अच्छा व्यायाम है। जिस प्रकार 12 राशियां, 12 महीने होते हैं, उसी प्रकार सूर्य नमस्कार भी 12 स्थितियों से मिलकर बना है। कोविड महामारी के समय में आप सूर्य नमस्कार को अपना कर अपनी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा सकते हैं-**

सूर्य नमस्कार का अभ्यास इन 12 स्थितियों में किया जाता है, आइए जानें-

- दोनों हाथों को जोड़कर सीधे खड़े हों। नेत्र बंद करें। ध्यान 'आज्ञा चक्र' पर केंद्रित करके 'सूर्य भगवान' का आह्वान 'ऊँ मित्राय नमः' मंत्र के द्वारा करें।
- श्वास भरते हुए दोनों हाथों को कानों से सटाते हुए ऊपर की ओर तानें तथा भुजाओं और गर्दन को पीछे की ओर झुकाएं। ध्यान को गर्दन के पीछे 'विशुद्धि चक्र' पर केन्द्रित करें।
- तीसरी स्थिति में श्वास को धीरे-धीरे बाहर निकालते हुए आगे की ओर झुकाएं। हाथ गर्दन के साथ, कानों से सटे हुए नीचे जाकर पैरों के दाएं-बाएं पृथ्वी का स्पर्श करें। घुटने सीधे रहें। माथा घुटनों का स्पर्श करता हुआ ध्यान नाभि के पीछे 'मणिपूरक चक्र' पर केन्द्रित करते हुए कुछ क्षण इसी स्थिति में रुकें। कमर एवं रीढ़ के दोष वाले साधक न करें।
- इसी स्थिति में श्वास को भरते हुए बाएं पैर को पीछे की ओर ले जाएं। छाती को खींचकर आगे की ओर तानें। गर्दन को अधिक पीछे की ओर झुकाएं। टांग तनी हुई सीधी पीछे की ओर खिंचाव और पैर का पंजा खड़ा हुआ। इस स्थिति में कुछ समय रुकें। ध्यान को 'स्वाधिष्ठान' अथवा 'विशुद्धि चक्र' पर ले जाएं। मुखाकृति सामान्य रखें।
- श्वास को धीरे-धीरे बाहर निष्कासित करते हुए दाएं पैर को भी पीछे ले जाएं। दोनों पैरों की एड़ियां परस्पर मिली हुई हों। पीछे की ओर शरीर को खिंचाव दें और एड़ियों को पृथ्वी पर मिलाने का प्रयास करें। नितम्बों को अधिक से अधिक ऊपर उठाएं। गर्दन को नीचे झुकाकर ठोड़ी को कण्ठकूप में लगाएं। ध्यान 'सहस्रार चक्र' पर केन्द्रित करने का अभ्यास करें।
- श्वास भरते हुए शरीर को पृथ्वी के समानांतर, सीधा साष्टांग दण्डवत करें और पहले घुटने, छाती और माथा पृथ्वी पर लगा दें। नितम्बों को थोड़ा ऊपर उठा दें। श्वास छोड़ दें। ध्यान को 'अनाहत चक्र' पर टिका दें। श्वास की गति सामान्य करें।
- इस स्थिति में धीरे-धीरे श्वास को भरते हुए छाती को आगे की ओर खीचते हुए हाथों को सीधे कर दें। गर्दन को पीछे की ओर ले जाएं। घुटने पृथ्वी का स्पर्श करते हुए तथा पैरों के पंजे खड़े रहें। मूलाधार को खींचकर वहीं ध्यान को टिका दें।
- यह स्थिति - पांचवीं स्थिति के समान
- यह स्थिति - चौथी स्थिति के समान
- यह स्थिति- तीसरी स्थिति के समान
- यह स्थिति - दूसरी स्थिति के समान
- यह स्थिति - पहली स्थिति की भांति रहेगी।

सूर्य नमस्कार की उपरोक्त बारह स्थितियां हमारे शरीर को संपूर्ण अंगों की विकृतियों को दूर करके निरोग बना देती हैं। यह पूरी प्रक्रिया अत्यधिक लाभकारी है। इसके अभ्यासी के हाथों-पैरों के दर्द दूर होकर उनमें सबलता आ जाती है। गर्दन, फेफड़े तथा पसलियों की मांसपेशियां सशक्त हो जाती हैं, शरीर की फालतू चर्बी कम होकर शरीर हल्का-फुल्का हो जाता है। सूर्य नमस्कार के द्वारा त्वचा रोग समाप्त हो जाते हैं अथवा इनके होने की संभावना समाप्त हो जाती है। इस अभ्यास से कब्ज आदि उदर रोग समाप्त हो जाते हैं और पाचनतंत्र की क्रियाशीलता में वृद्धि हो जाती है। इस अभ्यास के द्वारा हमारे शरीर की छोटी-बड़ी सभी नस-नाड़ियां क्रियाशील हो जाती हैं, इसलिए आलस्य, अतिनिद्रा आदि विकार दूर हो जाते हैं।

# मेडिटेशन को करें अपने रूटीन में शामिल और पाएं बेहतरीन फायदे

मेडिटेशन को ही ध्यान लगाना कहते है, इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाकर रोजाना करने से कई फायदे होते हैं। अगर अभी तक आपने मेडिटेशन को अपने रूटीन में शामिल नहीं किया है तो, ये 13 फायदे जानने के बाद आप कल से ही इसे अपनी दिनचर्या में शामिल कर लेंगे -

- मेडिटेशन, मन अशांत रहने पर उसके निष्क्रिय पड़े हुए भागों को उपयोग में लाने योग्य बनाता है।
- अनुभव की क्षमता को सूक्ष्म करने की एक प्रक्रिया है ध्यान।
- दि आपको भूलने की आदत है तो ध्यान आपके लिए बहुत उपयोगी है।
- गुस्सैल प्रवृत्ति के लोगों का मन शांत करने में कारगर है भावातीत ध्यान।
- निर्णय न ले पाने वाले भी इसे अपनी जिंदगी में शामिल कर सकते हैं।
- हृदयरोग की रोकथाम के लिए उत्तम औषधि के समान है।
- मन की चंचलता को नियंत्रित करता है।
- दीर्घायु बनाने में इसकी अहम उपयोगिता है।
- शांति, सामर्थ्य, संतोष, शांति, विद्वत्ता और सभी आवश्यकताओं को पूरा करता है भावातीत ध्यान।
- चाहें तो ध्यान के समय कुछ फूल आस-पास रखें, कोई सुगंधित वस्तु का छिड़काव कर दें, अगरबत्ती जला दें।
- रात्रि के भोजन से पहले ही ध्यान के लिए बैठें। प्रात:काल सूर्योदय से पहले ध्यान करें।
- ढीले वस्त्र पहनकर ध्यान करें।
- महिलाएं यदि चाहें तो भावातीत ध्यान किसी शिक्षक के द्वारा भी सीख सकती हैं। चाहें तो मेडिटेशन सेंटर में भी आप इसे सीख सकती हैं।



# लाइफस्टाइल बदल डाली तो ऐसे बढ़ेगी इम्युनिटी




**इम्युनिटी कमजोर होने में खराब जीवनशैली का बड़ा हाथ है। यह एक सर्वमान्य सत्य है कि शरीर पर बाहरी माइक्रोऑर्गेनिज्म के होने वाले हमलों के खिलाफ इम्यून सिस्टम पहली डिफेंस लाइन मानी जाती है। जितनी तगड़ी इम्युनिटी होगी उतने ही बीमारी पकड़ने के अवसर क्षीण होते जाएंगे। खराब जीवनशैली से इम्यून सिस्टम की डिफेंस में छेद होने लगता है।**

## खराब जीवनशैली

यदि आपके पास ठीक से खाना खाने और भरपूर नींद लेने का वक्त नही हो तो समझ लें कि आपकी जीवनशैली खराब है जो आपके इम्यून सिस्टम को तेजी से कमजोर कर रही है। यह ठीक है कि आधुनिक जीवनशैली में वर्क प्रेशर इतना अधिक है कि उसका शरीर पर खराब असर पड़ रहा है लेकिन प्रेशर रहने के बावजूद भी स्वस्थ रहने के लिए प्रयत्न किया जा सकता है।

## कब हुई थीं सालाना जांचे?

30 साल की उम्र हो जाने के बाद शरीर की नियमित जांचें कराना बेहद जरूरी है। इन दिनों अत्यधिक तनाव झेलने के कारण कम उम्र में ही हाई ब्लड प्रेशर अथवा शुगर की बीमारियां जड़ पकड़ लेती हैं। यह देखा गया है कि शुरूआती जांचों में ही कई बार लंबी बीमारियों की जड़ पकड़ में आ जाती है।

## टाइम निकालें

खुद के लिए समय निकालें। यदि काम के घंटे फिक्स नहीं हैं तो वर्क स्टेशन को ही वर्कआउट के लिए सेट कर लें। काम के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर में ब्रेक लेते रहें और शारीरिक गतिविधियां बढ़ा दें। मसलन आप स्पॉट रनिंग कर सकते हैं, स्ट्रेचिंग कर सकते हैं, वाशरूम तक तेज गति से जाकर वापस आ सकते हैं। वर्क स्टेशन एक्सरसाइज के बारे में जानने के लिए कई वेबसाइट्स हैं जो कई तरह के सॉल्युशन्स उपलब्ध कराती हैं।

## पानी कब पिया था?

क्या आपको याद कि अंतिम बार आपने पानी कब पिया था? पानी न सिर्फ हाईड्रेट रखता है बल्कि हाजमा और किडनी दोनों को तंदुरुस्त रखता है। इम्यून सिस्टम ठीक से काम करता रहे इसके लिए जरूरी है कि हाजमा ठीक रहे। मेटॉबॉलिक सिस्टम के बिगड़ते ही शरीर का हर अवयव और उसकी कार्यप्रणाली प्रभावित होती है।

## ये बदलाव लाएं जीवनशैली में

लाइफस्टाइल को दुरूस्त कर लेना आपके लिए बिलकुल आसान है लेकिन इसके लिए दृढ़ इच्छाशक्ति की जरूरत है। आपको केवल ठान लेना है बाकि सभी चीजें अपने आप ठीक होने लगती हैं। आप इतना तो कर ही सकते हैं कि सुबह जब भी आप उठते हैं, एक गिलास कुनकुना नींबू पानी पीकर दिन की शुरूआत कर सकते हैं। यदि आप रोज देर से उठ रहे हैं तो काम के घंटों के साथ एडजेस्ट कर सकते हैं। नींबू पानी के साथ ताजे आंवले का रस मिल सके तो पी लें नही तो बाजार से आंवले के रस का पैक भी खरीद कर रख सकते हैं। संतरे का रस अथवा आंवले के रस से विटामिन सी का तगड़ा डोज सुबह उठते ही मिल जाए तो दिन की अच्छी शुरूआत मानी जा सकती है। अपने भोजन में अदरक और हल्दी को विशेष रूप से शामिल करने का आग्रह करें। इससे असमय सोने के कारण होने वाली एसिडिसी एवं जलन से राहत मिल सकती है।

## गोल्डन मिल्क

रात को सोते समय हल्दी मिला हुआ दूध जरूर पिएं। जो लोग रात को जागते रहकर काम करते हैं उन्हें यह दूध खासतौर पर पीना चाहिए क्योंकि इससे उन्हें जागने के कारण होने वाली समस्याओं से निजात पाने में मदद मिलती है।





# एंटीबायोटिक ज्यादा लेने से कमजोर हो सकती है रोग प्रतिरोधक क्षमता

जब भी हमें छोटी-मोटी सेहत समस्या, हल्का सा दर्द व घाव आदि होता है तो हमारा शरीर उसे अपने आप ठीक करने में भी सक्षम होता है। लेकिन कई लोग जरा सी भी परेशानी होने पर अत्यधिक एंटीबायोटिक का सेवन करते हैं। अगर आप भी उन्हीं में से है तो आइए, आपको बताते हैं कि रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर होने से बचाने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए

- एंटीबायोटिक - हममें से कई लोगों की आदत होती है, एंटीबायोटिक्स दवाओं का अत्यधिक सेवन करना। लेकिन गैरजरूरी समय पर इनका सेवन करने से आपकी प्रतिरोधक क्षमता कम हो सकती है। अत्यधिक जरूरत के समय ही एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन करें।
- औषधियां - जब भी आप वायरल या शारीरिक दर्द महसूस करें, ऐसी आयुर्वेदिक या घरेलू औषधि अपने साथ रखें जो प्रतिरोधकता बनाए रखती हैं।
- नींद - पर्याप्त नींद न होना आपके दिमाग और शरीर को बेवजह थकावट देता है और आपकी प्रतिरोधकता भी कम होती है। हर दिन 8 घंटे की नींद आपको स्वस्थ और खुशगवार रखने में सहायक है।
- शुगर - शकर खाने से मनाही नहीं है, लेकिन अतिरिक्त शर्करा से भरे खाद्य पदार्थ जैसे सोडा, एनर्जी ड्रिंक, जूस व अन्य पदार्थों से दूरी बनाएं। यह आपकी सेहत का पूरा हिसाब गड़बड़ कर देंगे, और प्रतिरोधकता में कमी भी।
- धूप है जरूरी - त्वचा को अगर धूप से बचाते हैं, तो विटामिन डी की कमी हो सकती है। बल्कि धूप लेना प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए फायदेमंद साबित होता है। इसलिए पर्याप्त धूप लेने का नियम बनाएं।
- जिंक - जिंक की पर्याप्त मात्रा का सेवन भी प्रतिरोध क्षमता को बढ़ाने का एक बेहतरीन विकल्प है। इसके लिए अलग से जिंक की गोलियां खाने के बजाए ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करें, जिनसे आपको नैचुरल जिंक प्राप्त हो।
- पत्तेदार सब्जियां - पत्तेदार सब्जियां या फिर सलाद जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन खूब करें। इनसे प्राप्त होने वाले एंजाइम्स आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में इजाफा करते हैं और हर तरह का पोषण प्रदान करते हैं, जिसकी आपको जरूरत है।

# गर्म पानी के साथ लहसुन के फायदे

**खाने के स्वाद को बढ़ाने तथा सब्जी व दाल में तड़का लगाने में लहसुन का प्रयोग आप खूब करते हैं। लहसुन जहां भोजन के स्वाद को बढ़ाता है, वहीं इसमें मौजूद पौष्टिक तत्व हमारे शरीर को बीमारियों से लड़ने की ताकत भी देते हैं। लहसुन हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है, जो हमारे शरीर को अंदर से मजबूत रखता है और बीमारियों से लड़ने की ताकत देता है। वहीं अगर हम लहसुन को गर्म पानी के साथ लें तो यह हमारे शरीर को कई तरह से फायदा पहुंचाता है और कई बीमारियों से निपटने की ताकत देता है।**

## कब्ज की समस्या से राहत

यदि आप कब्ज की समस्या से परेशान हैं तो इससे राहत पाने के लिए आप गर्म पानी के साथ कच्ची लहसुन का सेवन करें। यह पाचन क्रिया को सही रखने में मदद करता करेगा और कब्ज की समस्या दूर होगी।

## एंटी बैक्टीरियल व एंटीवायरल से भरपूर

बदलते मौसम का असर आपकी सेहत पर पड़ता है, वहीं बारिश के दिनों में यदि आप गर्म पानी के साथ लहसुन का सेवन करते हैं तो इससे आपके शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और कई बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। इसके साथ-साथ लहसुन में मौजूद बैक्टीरिया में वायरस मारने के गुण हैं। बारिश के दिनों में होने वाले फंगल संक्रमण, फ्लू और संक्रामक बीमारियों के खतरे से भी ये आपके शरीर को बचाए रखेंगे।

## ब्लड सर्कुलेशन को करे मेंटेन

गर्म पानी के साथ कच्चे लहसुन का सेवन करने से दिल से जुड़ी बीमारियों से बचे रहने में मदद मिलती है। यह ब्लड सर्कुलेशन को मेंटेन करके हृदयरोग के खतरे को भी कई गुना तक कम कर सकता है।

## गले की खराश से राहत

लहसुन में एंटीइंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो गले की खराश को दूर करता है।



# टी-20 दिव्यांग क्रिकेट: भारत ने इंग्लैण्ड को पहले मैच में 49 रनों से हराया



अहमदाबाद। विश्व के सबसे बड़े नरेन्द्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को भारत और इंग्लैण्ड की दिव्यांग टीमों के बीच पहला टी-20 मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में भारत ने इंग्लैण्ड को 49 रनों से हराकर प्रतियोगिता में 1-0 की ब?त ले ली। यहां बता दें कि भारतीय दिव्यांग क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में यह टूर्नामेंट खेला जा रहा है। डीसीसीआई के मुख्य संरक्षक और श्री श्याम मंदिर कमेटी सीकर राजस्थान के अध्यक्ष महाराज प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि दिव्यांगजनो के भीतर छिपी प्रतिभा को देश दुनिया के सामने लाने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिये यह टूर्नामेंट बीसीसीआई के सचिव जय शाह के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट की सफलता के लिये डीसीसीआई महासचिव रविकांत चौहान, पीसीसीएआई के अध्यक्ष सुरेन्द्र लोहिया, डीसीसीआई के संयुक्त सचिव अभय प्रताप चौहान, संयोजक सुरेन्द्र अग्रवाल, चेयरमैन कारपोरेट अफेयर्स और कम्युनिकेशन राजेश भारद्वाज, गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अनिल पटेल पिछले काफी दिनों से जुटे हुये हैं। अभी दोनों टीमों के बीच चार मैच ओर खेले जाने हैं। फाइनल मुकाबला 6 फरवरी को नरेन्द्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में होगा।

# परीक्षा पर चर्चा :सांसद शेजवलकर गोरखी सकूल में आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

**ग्वालियर ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ÷परीक्षा पर चर्चा÷ कार्यक्रम के माध्यम से देश भर के विद्यार्थियों और अभिभावकों से ऑनलाइन चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत से तनाव मुक्त रहते हुए परीक्षा की तैयारी करें। पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक व्यायाम और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपनी भागीदारी निभाएँ। देश भर के विभिन्न जिलों के विद्यार्थियों और अभिभावकों ने भी प्रधानमंत्री से प्रश्न कर अपनी जिज्ञासा दूर की। सम्पूर्ण देश की भाँति ग्वालियर जिले में भी विभिन्न शासकीय स्कूलों में ऑनलाइन विद्यार्थियों, शिक्षाकों और अभिभावकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बात सुनी। ग्वालियर के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरखी में क्षेत्रीय सांसद विवेक



नारायण शेजवलकर ने उपस्थित रहकर प्रधानमंत्री की बात सुनी और विद्यार्थियों से भी संवाद किया। क्षेत्रीय सांसद शेजवलकर ने विद्यार्थियों से कहा कि आपके लिये यह गर्व की बात है कि हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने भी गोरखी स्कूल में ही शिक्षा ग्रहण की थी। गोरखी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी स्व. अटल जी से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को और बेहतर से बेहतर बनाने का प्रयास करें। इस मौके पर भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी, संयुक्त संचालक शिक्षा दीपक पाण्डेय सहित गोरखी स्कूल के शिक्षक, विद्यार्थी और अभिभावक भी उपस्थित थे। क्षेत्रीय सांसद शेजवलकर ने विद्यार्थियों से कहा कि अगर वह लक्ष्य निर्धारित कर वर्ष भर पड़ाई करें तो कोई कारण नहीं है कि परीक्षा के दिनों में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी हो।

# विधिक जागरूकता प्रदर्शनी में सैलानियों को बताए कानूनी अधिकार



**ग्वालियर ।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर व प्रधान जिला न्यायाधीश श्री पी सी गुप्ता के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर द्वारा ग्वालियर व्यापार मेले में लगी जागरूकता प्रदर्शनी में गत दिवस विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक साक्षरता शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी दीपक शर्मा द्वारा प्रदर्शनी में आए सैलानियों को समाधान आपके द्वार, मौलिक अधिकार, मूल कर्तव्य, निःशुल्क विधिक सहायता सहित नालसा, सालसा की योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल आदित्य सिंह द्वारा भी सैलानियों को प्रदर्शनी में प्रदर्शित की गई जानकारियों को बताया। इस अवसर पर पीएलवी अंकित स्वर्णकार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से देव कृष्ण सिकरवार व आगतुंक सैलानी उपस्थित रहे।

# खुशियों की दास्तां :तोड़ाबाई कहती हैं सरकार ने हमारी झोली खुशियों से भर दी है



ग्वालियर । कभी फुटपाथ पर जिंदगी बसर करने वाली लोहपीटा समुदाय की श्रीमती तोड़ाबाई अब पक्के घर में रहती हैं। इतना ही नहीं स्वयं का रोजगार खड़ा करने के लिये सरकार से उन्हें कई बार आर्थिक मदद मिली है। उज्वला योजना के तहत निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन मिला है तो हर माह निःशुल्क अनाज सरकार उन्हें दे रही है। लाड़ली बहना योजना से भी उन्हें हर माह 1250 रूपए मिल रहे हैं। तोड़ाबाई कहती हैं कि सरकार ने हमारी झोली खुशियों से भर दी है। गुड़ी गुड़ा का नाका क्षेत्र की निवासी श्रीमती तोड़ा बाई बड़ी बेबाकी और स्वाभिमान के साथ अपनी सफलता की दास्तां बयां करती हैं। वे बताती हैं कि पहले हमारे परिवार का बसेरा सिंधी कॉलोनी क्षेत्र में स्थित बेटी बचाओ चौराहे के फुटपाथ पर रहता था। प्रधानमंत्री आवास योजना ने मुझे फुटपाथ से पक्के घर में पहुँचा दिया है। तोड़ा बाई कहती हैं कि मुझे काम धंधा शुरू करने के लिये प्रधानमंत्री स्वनिधि से एक बार नहीं तीन बार आर्थिक मदद मिली है। तोड़ाबाई बताती हैं कि पीएम स्वनिधि के तहत पहली बार मुझे बैंक से 10 हजार रूपए मिले। यह धनराशि मैंने जल्द ही चुकता कर दी तो तुरंत ही 20 हजार रूपए मिल गए। जब हमने 20 हजार रूपए भी भर दिए तो 50 हजार रूपए मिले, जिससे मैंने किराने की दुकान खोल ली है। अब मैं और मेरे बच्चे किराने की दुकान चलाते हैं और मेरे पति कमल लोहे की वस्तुओं का व्यवसाय करने जाते हैं। सरकार की तमाम योजनाओं का लाभ मिलने से तोड़ाबाई गदगद हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति धन्यवाद देते हुए नहीं थकतीं। वे पुराने दिनों को याद करते हुए कहती हैं कि पहले जब बरसात होती थी तो खुले में रखीं लकड़ियाँ भीग जाती थीं। खाना पकाने बैठते तो चूल्हे से धुँए का गुबार उठता और कभी-कभी तो अधपका खाना छोड़कर सो जाते। पर अब प्रधानमंत्री जी ने मुझे उज्वला गैस कनेक्शन दे दिया है, जिससे आधी रात को भी हम खाना बनाकर खा लेते हैं। इतना ही नहीं सरकार हर माह मुझे मुफ्त राशन भी दे रही है। विकसित भारत यात्रा के तहत गत 9 जनवरी को आयोजित हुए शिविर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी तोड़ाबाई से वर्चुअली संवाद किया था। जब तोड़ाबाई ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा चलाई जा रहीं तमाम योजनाओं का हमें लाभ मिला है। अब हमारे परिवार की गाड़ी खुशहाली के साथ आगे बड़ रही है। यह सुनकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों से तोड़ाबाई के सम्मान में तालियाँ बजवाईं।

# संरक्षित खेती की नई तकनीक से फसल उत्पादन दोगुना कर सकते हैं : नारायण सिंह

**ग्वालियर ।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि किसान संरक्षित खेती की नवीन तकनीक के इस्तेमाल से फसल उत्पादन को दुगना कर सकते हैं। किसान समृद्ध होगा, तभी देश और प्रदेश समृद्ध बनेगा। मध्यप्रदेश में गत वर्षों में उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रदेश में इनका उत्पादन साढे चार लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 390 लाख मीट्रिक टन हो गया है। वर्तमान में मध्यप्रदेश उद्यानिकी फसल उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है। उद्यानिकी मंत्री ने यह बात राष्ट्रीय बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत ÷संरक्षित खेती की तकनीकी और फसल प्रबंधन÷ विषय पर भोपाल में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के शुभारंभ अवसर पर कही। मंत्री कुशवाह ने कहा कि मध्यप्रदेश में फसल उत्पादन को




बढ़ावा देने के लिए अनेक प्रोत्साहन योजनाएं और मार्गदर्शी कार्यक्रमों का संचालन केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। अब शिक्षित युवाओं द्वारा भी कृषि को रोजगार के रूप में अपनाना प्रारंभ किया गया है। युवा किसान फसल की बोनी से पूर्व मिट्टी के परीक्षण, मिट्टी की माँग के अनुसार उर्वरकों का उपयोग और पॉली हाउस जैसे संरक्षित फसल तकनीक से अपना उत्पादन बढ़ा रहे हैं। मंत्री कुशवाह ने कहा कि संरक्षित खेती की नवीन तकनीक को और लोकप्रिय बनाने की आवश्यकता है किसान शासन की अनुदान व प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने हॉर्टिकल्चर के साथ-साथ फ्लोरीकल्चर को भी अपनाने की सलाह किसानों को दी। संगोष्ठी में प्रदेश और प्रदेश के बाहर से आए कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को नवीन तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की जा रही है। संगोष्ठी में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष मोहन जाट, कृषि स्थाई समिति के सभापति अशोक मीणा सहित उद्यानिकी विभाग के अधिकारी, कृषि वैज्ञानिक और बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान उपस्थित थे।

# ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर अब रात्रि 9 बजे तक उपलब्ध होगी पार्सल सेवा




**ग्वालियर ।** ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर अब रात्रि 9 बजे तक पार्सल सेवा उपलब्ध रहेगी। भारतीय डाक विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की पार्सल पैकेजिंग संबंधी कठिनाईयों को दूर करने के लिये रेलवे स्टेशन ग्वालियर पर पार्सल पैकेजिंग यूनिट (पीपीयू) शुरू की गई है। ग्वालियर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक-1 के निकास द्वार के सामने रेल डाक सेवा कार्यालय में यह पार्सल पैकेजिंग यूनिट स्थापित की गई है। रेल डाक सेवा मध्यप्रदेश मण्डल के अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर पार्सल पैकेजिंग यूनिट प्रातः 5.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से रात्रि 9 बजे तक उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया यह सेवा शुरू हो जाने से ग्वालियर शहरवासियों को अच्छे तरीके से पार्सल पैकिंग की सुविधा मिल सकेगी। इसके लिये अब ग्राहकों को इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं रहेगी। रेल डाक सेवा अधीक्षक सिंह ने बताया कि न्यूनतम दरों पर 10 किलोग्राम तक के अलग-अलग वजन वाले पार्सल को अच्छी क्वालिटी के फ्लायर से एवं 2 से 10 किलो के पार्सल को कार्टन बॉक्स में पैक करने की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। पार्सल शुल्क के रूप में उपभोक्ताओं को वजन के अनुसार 5 रूपए से 79 रूपए तक का शुल्क देना होगा।

# खुशियों की दास्तां : मीनाक्षी बोलीं यह साधारण कार्ड भर नहीं, पक्का भरोसा है



**ग्वालियर ।** यह कोई साधारण कार्ड भर नहीं है। यह पक्का भरोसा है जिसने मेरे भीतर आत्मविश्वास भर दिया है। यह कहना है श्रीमती मीनाक्षी राठौर का, उनका हाल ही में आयुष्मान कार्ड बना है। गदाईपुरा, हजीरा क्षेत्र की निवासी श्रीमती मीनाक्षी राठौर बीकॉम तक प?ी हैं। उनके पति श्री जितेन्द्र राठौर गुजरात के सूरत शहर में कारीगरी का काम करते हैं। पर घर के आर्थिक हालात बहुत मजबूत नहीं हैं। मीनाक्षी कहती हैं कि जब मैं गर्भवती हुई तो इस बात की चिंता होने लगी कि यदि सिजेरियन डिलेवरी करानी पड़ी तो उसका खर्चा कहाँ से लायेंगे। इसी बीच मुझे पता चला कि सरकार हम जैसे जरूरतमंद लोगों को पाँच लाख रूपए तक के इलाज के लिये आयुष्मान कार्ड मुहैया कराती है। मीनाक्षी बताती हैं कि मैंने भी आयुष्मान कार्ड के लिये आवेदन भर दिया और जल्द ही कार्ड बन गया। इससे मेरी चिंता दूर हो गई है। ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ के तहत गदाईपुरा में आयोजित हुए शिविर में जब उन्हें आयुष्मान कार्ड बनने की जानकारी मिली तो उनकी खुशी देखते ही बनी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए मीनाक्षी बोलीं कि सही मायने में मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार है, जो हम जैसे जरूरतमंदों को ढूँढ-ढूँढकर आयुष्मान कार्ड सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिला रही है।

# सांसद राज्यसभा जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता एक से तीन फरवरी तक



**ग्वालियर ।** सांसद (राज्यसभा) जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता एक से तीन फरवरी तक फूलबाग मैदान पर आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता में सात खेल विधाओं में खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता का उदघाटन एक फरवरी को ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर करेंगे। अपर कलेक्टर टी न सिंह ने सोमवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों और खेल प्रतियोगिता से जुड़े जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम ग्वालियर सिटी अतुल सिंह, भगवत सहाय महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रामअवतार सिंह बैस, जिला ओलंपिक संघ के पदाधिकारी शिववीर सिंह भदौरिया, डीपीसी रविन्द्र तोमर तथा खेल विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में जानकारी दी गई

# अखिल भारतीय किसान मेला 3 फरवरी से



**ग्वालियर।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में 3 से 6 फरवरी से चार दिवसीय ''अखिल भारतीय किसान मेला एवं अंतर्राष्ट्रीय कृषि तकनीकी प्रदर्शनी-2024'' आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्नवर्ष 2023 के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय स्थित मुख्य परिसर में आयोजित किया जायेगा। इस किसान मेले में पूरे प्रदेश व देश के कोने कोने से कृषकों तथा कृषि प्रदर्शनी में देश के कृषि विश्वविद्यालय, कृषि/उद्यानिकी/पशुपालन उद्यमियों तथा संबंधित विभागों के आदान उत्पाद विक्रेताओं, कम्पनियों, स्वयं सहायता समूहों, कृषक उत्पादक संगठकों तथा अन्य हितग्राहियों द्वारा सहभागिता दी जा रही है। विश्वविद्यालय द्वारा मेले को व्यापक रूप देने हेतु तैयारियां जोर-जोर से की जा रही है । मेले का उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीक और कृषि में नवाचारों से अवगत कराना है।

# मेले में उमड़ी भीड़, जमकर हुई खरीदारी, झूले रहे फुल

**ग्वालियर.।** रविवार को छुट्टी वाले दिन ग्वालियर व्यापार मेला में सैलानियों की भीड़ उमड़ी। दोपहर तक काफी कम संख्या में लोग मेला पहुंचे चुके थे। शाम होते-होते सैलानियों की संख्या में बेतहाशा इजाफा हुआ। स्थिति यह रही कि मेला के हर एक सेक्टर में पैर रखने की जगह नहीं थी। खेल तमाशों से लेकर मेले की दुकान और झूला सेक्टर में भीड़ ही भीड़ नजर आ रही थी। धूप खिलने से शीतलहर और सर्दी से राहत के बाद मेला जमकर दमका।भीड़ के चलते दुकानदारों की भी खूब बिक्री हुई। मेले में सैलानियों ने पापड़, साफ्टी, भेलपुरी और चाट का जमकर आनंद लिया। साथ ही चलते-चलते मूंगफली का भी लुत्फ सैलानियों ने उठाया। सैलानियों ने परिवार के साथ मेला पहुंचकर अपने मनपसंद झूलों का भी आनंद लिया। झूलों पर सैलानियों की कतारें लगी रहीं एवं अपने पसंद के झूलों को झूलने के लिए सैलानियों को इंतजार करना पड़ा।



**इलेक्ट्रानिक सेक्टर रहा गुलजार**- मेले में उमड़ी भीड़, जमकर हुई खरीदारी, मेले में इलेक्ट्रानिक, रेडीमेड एवं आटोमोबाइल सेक्टर में सैलानियों की जबरदस्त भीड़ थी। इलेक्ट्रानिक सेक्टर में स्मार्ट टीवी, एसी, वाशिंग मशीन समेत घरेलू इलेक्ट्रानिक उपकरणों की अच्छी खरीदारी हुई। इसके अलावा लोगों ने बच्चों के लिए खिलौने, खेल-कूद के सामान, रेडीमेड गारमेंट की खरीदारी भी की। खानपान की दुकानों पर भी खासी भीड़ नजर आई। रेस्टोरेंट पर भी काफी भीड़ रही।

**बीच सड़क पर खड़े हाथ ठेला हटवाए**-मेले में भीड़ को देखते हुए मेला प्राधिकरण ने बीच सड़क पर खड़े हाथ ठेला हटवाए। प्राधिकरण के कर्मचारियों की एक टीम लगातार मेले में घूमती रही। जहां बीच रास्ते पर खड़े हाथ ठेले मिले उनको बाहर किया गया। मेला प्राधिकरण कार्यालय के सामने हाथ ठेला दुकानदारों की लंबी कतार लग गई। ज्यादा भीड़ वाले झूला सेक्टर में प्राधिकरण की टीम लगातार घूमती रही और एक भी ठेले को वहां नहीं लगने दिया गया।

# बेटी-दामाद और नाती के शव फांसी पर लटके थे, बोले- मेरी तो दुनिया उजड़ गई

**ग्वालियर।** बूढ़ीं आंखों से बहती अश्रुधारा। बार-बार आंखों के सामने वही खौफनाक मंजर आ रहा था, जब उन्होंने अपने नाती और बेटी-दामाद की लाश फांसी के फंदे पर लटकी देखी। पड़ोसी और रिश्तेदार उन्हें ढांढस बंधाते हैं, लेकिन बार-बार वही मंजर याद कर, त्रिवेणी के बुजुर्ग पिता शिवप्रताप रोने लगते हैं। सिर्फ एक ही बात कहते हैं- मेरी तो दुनिया ही उजड़ गई। अगर कोई परेशानी थी, कोई बात थी तो मुझे तो बता देते। वह बोल रहे थे- अचल हर बात उनसे साझा करता था, लेकिन किसी परेशानी में था, यह अहसास तक नहीं होने दियामेरी बेटी त्रिवेणी आर्मी स्कूल में प्रिंसिपल थी। दामाद जीतू बिल्डर थे। नाती अचल पढ़ाई कर रहा था। वह बारहवीं में पढ़ता था। प्रगति विद्या पीठ से पढ़ाई कर रहा था। सबसे ज्यादा वही मुझसे प्यार करता था। मेरी बेटी ने सिर गर्व से ऊंचा कर दिया था, जब आर्मी स्कूल में उसकी नौकरी लगी थी। कभी लगा ही नहीं था, ऐसा भी दिन आएगा, जब यह सबकुछ देखना पड़ेगा। मैं पास ही में रहता हूं। अक्सर रोज ही त्रिवेणी के घर आ जाता हूं। मैं नहीं आता था तो नाती आ जाता था, वह मुझसे एक दिन भी दूर नहीं रहता था। दो दिन से हम फोन लगा रहे थे। न तो जीतू का फोन उठ रहा था न ही त्रिवेणी और अचल का। मुझे लगा हो सकता है कोई काम होगा, लेकिन कुछ घबराहट-सी थी। सर्दी की वजह से मैं नहीं आया। अचल के दोस्त भी उसे लगातार फोन कर रहे थे। अचल के दोस्त रविवार सुबह घर ही आ गए। दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। मुख्य दरवाजा बंद था, अंदर का दरवाजा बंद तो था लेकिन कुंडी नहीं लगी थी। अचल के दोस्त सुबह मेरे पास आए। यह वक्त सुबह करीब 10 बजे का रहा होगा। उन्होंने मुझे बताया, न फोन उठ रहा है और न ही दरवाजा खुल रहा है कोई अंदर से जवाब भी नहीं दे रहा। मेरा भी फोन नहीं उठा



था, कुछ असहज लगा तो मैं खुद चला आया। दरवाजा खटखटाया लेकिन नहीं खुला। फिर बाउंड्री से कूदकर अंदर पहुंचे तो सबसे पहले कमरे में अचल फांसी के फंदे पर लटका था। सामने सीढ़ियों की ग्रिल पर जीतू और त्रिवेणी भी फांसी के फंदे लटके थे। मेरी तो दुनिया ही लुट गई। कोई ऐसी बात नहीं थी, जिससे लगे यह लोग आत्महत्या कर लेंगे। इसके पीछे कोई बड़ी साजिश है। अचल के कमरे की खिड़की भी टूटी है, यह हत्या भी हो सकती है।परिस्थितिजन्य साक्ष्य से पुलिस मान रही आत्महत्या, ग्रिल कटी देखकर उठ रहे सवालअचल की लाश फंदे पर लटकी मिली, लेकिन नीचे टेबल रखी है। जिस पर चढ़कर फांसी लगाना संभव नहीं है। नसेनी दंपती के शव के पास मिली है। दंपती ने तो इस पर चढ़कर फांसी लगाई होगी, लेकिन अचल इतनी ऊंचाई पर टंगे पंखे तक कैसे पहुंचा। इसे लेकर पुलिस कयास लगा रही है- अचल ने पहले फांसी लगाई। बेटे की मौत माता-पिता बर्दाश्त नहीं कर पाए फिर वे नसेनी पर पैर रखकर ग्रिल तक चढ़े और फांसी लगा ली। इसमें यह भी एंगल पर पड़ताल चल रही है- हो सकता है, हत्या के बाद आत्महत्या का मामला हो।अचल के बेडरूम की खिड़की की ग्रिल कटी मिली। ग्रिल कटी देखकर सवाल उठ रहे हैं। ग्रिल क्यों काटी गई, इस सवाल का जवाब पुलिस ढूंढ रही है।फोरेंसिक टीम को ग्रिल के नीचे रखी बाल्टी पर फुट प्रिंट मिले हैं। इन्हें उठाया गया है, अब जिसका सुसाइड नोट में नाम है, उससे और परिवार के तीनों सदस्यों के फुट प्रिंट पुलिस मैच करेगी।देवेंद्र पाठक और उसका पूरा परिवार घरों पर ताला लगाकर भागा, पर्दे के पीछे निकलेगी चौंकाने वाली कहानीजिस देवेंद्र पाठक का नाम सुसाइड नोट में लिखा गया है। वह और उसका पूरा परिवार घर पर ताला डालकर भाग गए हैं। उसकी लोकेशन उटीला मिली, उसे तलाशने टीम भी पहुंची लेकिन पुलिस अधिकारियों का कहना है- वह अब तक नहीं मिला है। जिस तरह वह घर पर ताला लगाकर भाग गया है और उसका पूरा परिवार गायब है, उससे यह स्पष्ट है- पर्दे के पीछे बड़ी कहानी निकलेगी।

**इनका कहना है**

इस मामले में जिसका नाम सुसाइड नोट में लिखा है, वह और उसका पूरा परिवार गायब है। उसकी तलाश चल रही है। वह जैसे ही पकड़ा जाएगा पूरी कहानी सामने आ जाएगी।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478